वर्ष: 5 I अंक: 101
https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD
पृष्ठ: 12 I मूल्य: 3.00

FIRST INDIA

दैनिक हिंदी अखबार
जयपुर, सोमवार, 23 मार्च, 2026
# सच बेधड़क
फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित
चैत्र, शुक्ल पक्ष-पंचमी, विसं 2083

Scan to Subscribe

# 'अजेय' मोदी

## 8931 दिन: मोदी का सफर जनता के नाम, राष्ट्र के काम



## आज ही गढ़ रहे हैं भविष्य का भारत, आगामी पीढ़ी को सशक्त बनाने की पहल

डॉ अनिता हाड़ा

भारत में लगातार सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख के रूप में नरेंद्र मोदी का उदय- गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके शुरुआती दिनों से लेकर भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल तक वास्तव में असाधारण रहा है। 24 वर्षों से अधिक की निरंतर सार्वजनिक सेवा का यह सफर केवल राजनीतिक रूप से दीर्घायु होने का प्रतीक मात्र नहीं है, बल्कि जनता के साथ उनके गहरे जुड़ाव और अटूट संकल्प को भी दर्शाता है।

उनकी यह उपलब्धि भारत की राजनीति में मील का पत्थर साबित हुई है और एक नए रिकॉर्ड के रूप में देखी जा रही है। 8931 दिन का कार्यकाल पूरा करने के साथ नरेंद्र मोदी ने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के सबसे लंबे समय तक शासन करने के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए खुद को निरंतरता और स्थिरता के प्रतीक के रूप में स्थापित किया है। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात में मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने से लेकर देश के 'प्रधान सेवक' बनने तक, उनका यह सफर अटूट विश्वास और संकल्प का जीता जागता प्रमाण है। उनकी इस उपलब्धि को उल्लेखनीय बनाने वाली बात केवल इसका व्यापक स्तर नहीं, बल्कि उसका संदर्भ भी है। लगातार विरोध, निरंतर आलोचना और समर्थकों द्वारा बताई गई भारत विरोधी ताकतों द्वारा उन्हें कमजोर करने की कोशिशों के बावजूद नरेंद्र मोदी की छवि और मनोबल काफी हद तक अडिग रहे हैं।

इन चुनौतियों ने उनके प्रभाव को कम करने के बजाय, उनके राजनीतिक स्थायित्व को और ज्यादा मजबूत बनाया, जिससे जनता का विश्वास और मजबूत हुआ है और व्यापक रूप से चर्चित 'मोदी गारंटी' को बल मिला है।

उनके नेतृत्व में भारत ने अपनी पहचान और आत्मविश्वास में एक नई भावना को महसूस किया, जो उपनिवेशीय छाया से आगे बढ़कर एक अधिक प्रभावशाली वैश्विक उपस्थिति की ओर अग्रसर हुआ है। आज भारत ने नए आत्मविश्वास को हासिल किया है और मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के विजन के माध्यम से करोड़ों लोगों तक ठोस परिणाम पहुंचाए हैं। महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों को 'नई जाति/विकसित भारत का आधार स्तंभ मानते हुए उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण के मार्गदर्शन में, उन्होंने भारत को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भी अग्रसर किया है और आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर भारत अब पूरी तरह से अग्रसर है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, नितिन गडकरी, डॉ. जितेंद्र सिंह, गजेन्द्र सिंह शेखावत, किरेन रिजिजू और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ ही मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, योगी आदित्यनाथ, मोहन यादव और नीतीश कुमार सहित अन्य नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बधाई दी है। उन्होंने यह उल्लेख किया कि मोदी जी, पवन कुमार चामलिंग का रिकॉर्ड तोड़कर भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले सरकार के प्रमुख बन गए हैं। इसे सेवा, मेहनत और संकल्प की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि करार देते हुए अमित शाह ने सार्वजनिक जीवन में पीएम मोदी के 8931 दिनों को विश्वास और अतुलनीय सेवा पर आधारित एक विरासत के रूप में रेखांकित किया।

मोदी जी की वैश्विक प्रतिष्ठा को दुनियाभर में मान्यता मिली और इसी आधार पर उन्हें 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए हैं, जिनमें 27 से अधिक सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार शामिल हैं। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच उनकी दूरदर्शी और कूटनीतिक नेतृत्व शैली ने भारत की छवि को शांति और स्थिरता की एक सशक्त ताकत के रूप में स्थापित और सशक्त किया है।

हालांकि यह एक ऐतिहासिक क्षण है, लेकिन मोदी का दृष्टिकोण केवल रिकॉर्ड बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र और 'विश्वगुरु' बनाने के व्यापक लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

## जरूरी खबर

### मोदी के 8,931 दिन पूरे, ऐतिहासिक कीर्तिमान: राठौड़



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र सेवा के 8,931 दिन पूरे कर एक नया इतिहास रच दिया है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने उन्हें बधाई देते हुए उनके नेतृत्व को राष्ट्र सेवा, सुशासन और जनकल्याण के प्रति समर्पित बताया। राठौड़ ने कहा कि मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबी अवधि तक सेवा देकर लोकतांत्रिक इतिहास में विशिष्ट स्थान हासिल किया है। उन्होंने चार बार मुख्यमंत्री और तीन बार प्रधानमंत्री के रूप में कार्य कर अनुभव और नेतृत्व का अनूठा उदाहरण पेश किया है। राठौड़ ने यह भी कहा कि मोदी ने वर्ष 2025 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल का रिकॉर्ड पार किया।

### वृद्धों की सेवा अब बनेगी कॅरिअर का सुनहरा अवसर

**जयपुर।** जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने वृद्धावस्था देखभाल के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की है। संस्थान ने एक वर्षीय 'जेरियाट्रिक केयर असिस्टेंट' कोर्स शुरू किया है, जिसे 'जरा सहायक' के नाम से भी जाना जा रहा है। यह आयुर्वेद आधारित सर्टिफिकेट कोर्स बुजुर्गों की शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक देखभाल में संवेदनशील और कुशल पेशेवर तैयार करेगा। काय चिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रो. एचएमएल मीणा ने इस कोर्स की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह कोर्स कुल 12 माह (48 सप्ताह) का होगा, जिसमें 1,296 घंटे का प्रशिक्षण शामिल है। इसमें 144 घंटे सैद्धांतिक (थ्योरी) और 1,152 घंटे व्यावहारिक (हैंड्स-ऑन) प्रशिक्षण होगा।

### पुलिस दूरसंचार के 110 कार्मिकों का सम्मान आज

**जयपुर।** पुलिस दूरसंचार विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की उत्कृष्ट सेवाओं को सम्मानित करने के लिए सोमवार सुबह 7.30 बजे पदक वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। जयपुर के घाट गेट स्थित पुलिस दूरसंचार लाइन में होने वाले इस कार्यक्रम में विभाग के कुल 110 कार्मिकों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि महानिदेशक पुलिस (कानून-व्यवस्था) संजय अग्रवाल होंगे, जबकि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएं) वीके सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और कार्मिकों का उत्साहवर्धन करेंगे।

**राजस्थान इंटेलिजेंस की कार्रवाई:** बड़े जासूसी नेटवर्क का किया खुलासा

# एयरफोर्स स्टेशन छबुआ से जासूसी के आरोप में सिविलकर्मी गिरफ्तार

- पाकिस्तानी हैंडलर्स को भेजी जा रही थी गोपनीय सूचनाएं
- आरोपी को जयपुर में दर्ज प्रकरण में किया गिरफ्तार



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान इंटेलिजेंस ने असम के एयरफोर्स स्टेशन छबुआ में तैनात एक सिविल कर्मचारी को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार कर देश में सक्रिय एक बड़े पाक समर्थित जासूसी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। आरोपी भारतीय वायुसेना से जुड़ी संवेदनशील और गोपनीय जानकारियां पाकिस्तानी हैंडलर्स तक पहुंचा रहा था। एडीजी (इंटेलिजेंस) प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि इस पूरे प्रकरण की शुरुआत जनवरी 2026 में जैसलमेर निवासी झबराराम की गिरफ्तारी से हुई। उससे पूछताछ और गहन अनुसंधान के दौरान एक अन्य संदिग्ध सुमित कुमार का नाम सामने आया, जो लगातार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के संपर्क में था।

आरोपी सुमित कुमार (36), पुत्र बेनी माधव, निवासी लाहुरपार, प्रयागराज (उत्तर प्रदेश), वर्तमान में एयरफोर्स स्टेशन छबुआ, डिब्रूगढ़ (असम) में एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) के पद पर कार्यरत था। वह अपने पद का दुरुपयोग करते हुए एयरफोर्स स्टेशन से जुड़ी गोपनीय सूचनाएं एकत्रित करता और सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर्स तक पहुंचाता था। राजस्थान इंटेलिजेंस की टीम ने एयरफोर्स इंटेलिजेंस, नई दिल्ली के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई की।

### छबुआ से डिटेन कर जयपुर केंद्रीय पूछताछ केंद्र लाए

आरोपी को छबुआ से डिटेन कर जयपुर स्थित केंद्रीय पूछताछ केंद्र लाया गया। यहां विभिन्न खुफिया एजेंसियों की संयुक्त पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी वर्ष 2023 से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के संपर्क में था और धन राशि के बदले संवेदनशील सूचनाएं साझा कर रहा था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी ने एयरफोर्स स्टेशन छबुआ के अलावा एयरफोर्स स्टेशन नाल (जिला बीकानेर) सहित अन्य सैन्य ठिकानों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इनमें लड़ाकू विमानों की लोकेशन, मिसाइल सिस्टम और अधिकारियों/ कर्मचारियों से संबंधित गोपनीय जानकारी शामिल थी। इसके अलावा, आरोपी अपने नाम से जारी मोबाइल नंबरों के जरिए पाक हैंडलर्स के लिए सोशल मीडिया अकाउंट बनवाने में भी मदद करता था। आरोपी को रविवार को शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 एवं बीएनएस 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत स्पेशल पुलिस स्टेशन, राजस्थान, जयपुर में दर्ज प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई से पाक समर्थित जासूसी नेटवर्क का बड़ा हिस्सा उजागर हुआ है और जांच आगे जारी है।

### झबराराम ने खोला सुमित का राज

गत दिनों राजस्थान पुलिस की इंटेलिजेंस विंग ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के सक्रिय जासूसी नेटवर्क को तोड़ने में बड़ी सफलता हासिल की थी। इसी साल जैसलमेर जिले के पोकरण क्षेत्र से 28 वर्षीय झबराराम पुत्र भानाराम (निवासी नेडान/नेहड़ान गांव, सांकड़ा थाना) की गिरफ्तारी से हुई। झबराराम हनीट्रैप और पैसों के लालच में फंसकर भारतीय सेना की सामरिक सूचनाएं लीक कर रहा था। पूछताछ के दौरान उसके खुलासों ने एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया, जिसमें असम के एयरफोर्स स्टेशन छबुआ से सिविलियन कर्मचारी सुमित कुमार का नाम सामने आया। झबराराम पिछले करीब चार साल से पोकरण के नेवार/नेडान गांव में ई-मित्र सेंटर चला रहा था। सोशल मीडिया के माध्यम से वह पाकिस्तानी महिला एजेंट के हनीट्रैप में फंस गया। बदनामी के डर और आर्थिक लालच में उसने आईएसआई हैंडलर्स को अपना व्हाट्सएप एक्सेस दे दिया। उसने भारतीय नंबर का ओटीपी देकर पाकिस्तान में व्हाट्सएप अकाउंट चलवाने में मदद की।

**प्रदेश में निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति जारी**

# कुनबे में 5 लाख पदाधिकारी बढ़ाने की तैयारी में कांग्रेस

**भाजपा के मोर्चों, विभागों और प्रकोष्ठों की कार्यकारिणी घोषित नहीं, बोर्ड-आयोगों में भी नियुक्तियां नहीं**

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस पूरी ताकत झोंक रही है। पार्टी ने ग्रास रूट स्तर पर अभूतपूर्व विस्तार का फैसला लिया है। कांग्रेस ने पहली बार ग्राम पंचायत और शहरी वार्डों की कार्यकारिणी गठित करने की मुहिम शुरू कर दी। कांग्रेस का लक्ष्य 5 लाख 35 हजार से ज्यादा नए पदाधिकारी बनाना है। वहीं दूसरी ओर, भाजपा संगठन अभी भी इंतजार की रणनीति पर है। मोर्चों, विभागों और प्रकोष्ठों की कार्यकारिणी घोषित नहीं हो पाई है। सरकार भी बोर्ड-आयोगों में नियुक्तियां टाल रही है। वहीं प्रदेश कांग्रेस ने जिलाध्यक्षों को सर्कुलर जारी कर सख्त निर्देश दिए हैं कि 19 अप्रैल तक हर ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड में 21 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित कर दी जाए। इसमें पंचायत अध्यक्ष और वार्ड अध्यक्ष सहित 21 पदाधिकारी होंगे। राजस्थान में वर्तमान में 14,726 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें 3 लाख 23 हजार 972 पदाधिकारी बनाए जाएंगे। वहीं 10,245 शहरी वार्डों में 2 लाख 11 हजार 590 पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। कुल मिलाकर 5 लाख 35 हजार 662 नए पदाधिकारी पार्टी का 'कुनबा' बढ़ाएंगे। यह पहली बार है जब कांग्रेस ने ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यकारिणी गठन का फैसला लिया है। पहले यह केवल मंडल स्तर तक सीमित था। अब पंचायत पुनर्गठन के बाद बढ़ी 3,416 नई पंचायतों को भी कवर किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष स्थानीय नेताओं की सलाह से कार्यकारिणी बनाएंगे, लेकिन प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेता लगातार वीडियो कॉल और मीटिंग के जरिए मॉनिटरिंग कर रहे हैं। कोई भी जिलाध्यक्ष लक्ष्य से पीछे नहीं रह पाएगा। पार्टी का मानना है कि इतने बड़े पैमाने पर पदाधिकारी बनने से संगठन की जड़ें और मजबूत होंगी और निकाय-पंचायत चुनाव में सीधा फायदा मिलेगा।



एआई फोटो

### एक माह में रिकॉर्ड बनाएंगे, हार के डर से चुनाव टाल रही सरकार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने स्पष्ट कहा कि निकाय-पंचायत चुनाव पर फोकस है। ग्रास रूट पर मजबूती के बिना जीत संभव नहीं। हम एक महीने में 5 लाख से ज्यादा पदाधिकारी बना देंगे। यह अपने आप में रिकॉर्ड होगा। डोटासरा ने आरोप लगाया कि सरकार हार के डर से चुनाव टाल रही है, लेकिन कांग्रेस की तैयारी पूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि 2022 उदयपुर राष्ट्रीय संकल्प शिविर के बाद मंडल कार्यकारिणी गठित की गई थी और अब 2,200 मंडलों की कार्यकारिणी बन चुकी है। अब पंचायत और वार्ड स्तर तक विस्तार हो रहा है।

### भाजपा मोर्चा-विभाग अभी भी इंतजार में

भाजपा में 29 दिसंबर, 2025 को युवा, अल्पसंख्यक, ओबीसी, एससी, एसटी, किसान मोर्चा के अध्यक्ष घोषित हुए। एक जनवरी, 2026 को महिला मोर्चा अध्यक्ष भी बन गए। लेकिन ढाई महीने बाद भी इन 7 मोर्चों की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी और जिलाध्यक्ष घोषित नहीं हुए। अध्यक्षों ने नामों की सूची प्रदेश स्तर पर उच्च स्तर पर सौंप दी है, लेकिन बताया जा रहा है कि एक राय न बन पाने के कारण सहमति नहीं बन पाई है। इससे पहले तत्कालीन युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित चेची पूरे कार्यकाल में कार्यकारिणी नहीं बना पाए। उनकी लिस्ट 53 मिनट बाद ही रोक दी गई थी। जयपुर शहर इकाई की कार्यकारिणी भी 5 महीने तक अटकी रही। भाजपा में 20 विभाग और 19 प्रकोष्ठ हैं, लेकिन प्रदेशाध्यक्ष ने सिर्फ 3 (मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी) में प्रभारी नियुक्त किए हैं। बाकी पुरानी टीम पर चल रहे हैं।

### सवा 2 साल से बोर्ड-आयोग बिना अध्यक्ष के

राजस्थान में सत्ता परिवर्तन को सवा दो साल हो गए हैं, लेकिन महिला आयोग, बाल आयोग, ओबीसी आयोग, वक्फ बोर्ड, अल्पसंख्यक आयोग, खादी बोर्ड, हज कमेटी, डांग विकास बोर्ड समेत दर्जनों संस्थान बिना अध्यक्ष के चल रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि निकाय-पंचायत चुनाव की अनिश्चितता के कारण नियुक्तियां रोकी जा रही हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस 5 लाख से ज्यादा पदाधिकारियों का नया 'कुनबा' तैयार कर चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में है। वहीं भाजपा संगठन अभी भी कार्यकारिणी, विभाग और बोर्ड-आयोग की नियुक्तियों के इंतजार में लगा है। भाजपा अभी सही समय का इंतजार कर रही है, क्योंकि उसका संगठन वर्तमान में प्रदेश में सत्ता में है। ऐसे में वह किसी भी कार्यकर्ता को नाराज नहीं करना चाहती है। इसलिए भाजपा अभी 'वेट एंड वॉच' की रणनीति पर है।

**राजस्थान ज्ञान सभा का परिसंवाद संपन्न**

## ज्ञान और कौशल का संतुलन वर्तमान शिक्षा की अहम जरूरत: देवनानी

**बेधड़क** | जयपुर



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि ज्ञान और कौशल का संतुलित विकास वर्तमान शिक्षा की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यशैली में सुधार और शिक्षा में आध्यात्मिकता, संवेदनशीलता तथा जीवन मूल्यों का समावेश ही राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने में मदद करेगा। देवनानी ने जेईसीआरसी फाउंडेशन परिसर में आयोजित राजस्थान ज्ञान सभा के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में यह विचार साझा किए।

राजस्थान के शिक्षा परिदृश्य पर समग्र चर्चा के लिए जेईसीआरसी विश्वविद्यालय, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, शिक्षा विभाग और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की ओर से आयोजित इस दो दिवसीय परिसंवाद का 'विकसित राजस्थान के लिए शिक्षा-स्वर्णिम युग की ओर, विकसित भारत 2047' विषय था। देवनानी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को राजस्थान के विकास का प्रमुख आधार बताया।

### शिक्षा की उन्नति में तकनीक महत्वपूर्ण

परिसंवाद के दूसरे दिन 'कौशल आधारित शिक्षा, रोजगार सृजन और आर्थिक परिप्रेक्ष्य' पर परिचर्चा हुई। पैनल अध्यक्ष ओम शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य केवल परीक्षार्थी नहीं, बल्कि पूर्ण विकसित विद्यार्थी तैयार करना है। प्रो. अनिल रॉय ने प्रयोग के माध्यम से सीखने और सिद्धांत को समझने पर जोर दिया।

**सिविल लाइंस मंडल का प्रशिक्षण शिविर**

## प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की असली ताकत: गोपाल शर्मा



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर के स्वेज फार्म स्थित होटल रॉयल अक्षयम में भाजपा सिविल लाइंस मंडल की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर-2026 के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के तौर पर पहले सत्र में विधायक गोपाल शर्मा शामिल हुए। शर्मा ने पार्टी की कार्य पद्धति, संगठनात्मक संरचना और कार्यकर्ता की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत है। हमारी विचारधारा और कार्यशैली ही हमें अन्य दलों से अलग बनाती है। सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता लाली देवी ने की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष इंदु परमार, महामंत्री प्रवीण शर्मा, संजय सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि माथुर, वर्ग प्रमुख अनिल शर्मा, जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी राजेश कुमावत, जिला कार्यकारिणी सदस्य मेघना कुमावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'हिंदू विचार के अनुरूप होगा समाज का आदर्श मॉडल विकसित'

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का वर्ष प्रतिपदा उत्सव रविवार को महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम, कोटा में मनाया गया। मुख्य वक्ता आरएसएस राजस्थान के क्षेत्रीय संघचालक डॉ. रमेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि हिंदू विचार और दर्शन के अनुरूप समाज का आदर्श मॉडल विकसित होगा, जिससे विश्व सुख, शांति और वैभव से समृद्ध होगा। उन्होंने आरएसएस के शताब्दी कार्यक्रम और समाज की सज्जन शक्तियों को संघ की संचित शक्ति के साथ जोड़ने का महत्व भी बताया।

डॉ. अग्रवाल ने संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के संघर्षपूर्ण जीवन और देशभक्ति के योगदान को याद किया। मंच पर विभाग संघचालक पन्नालाल शर्मा और महानगर संचालक गोपाल लाल गर्ग उपस्थित रहे।

## प्रदेश के नेताओं के हाथ केरल की कमान

**बेधड़क** | जयपुर



आगामी केरल विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान से कई प्रमुख नेताओं को एआईसीसी की ओर से पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। ये नेता चुनावी तैयारियों, संगठन मजबूती और रणनीति पर नजर रखेंगे। नियुक्त किए गए प्रमुख नेताओं में सांसद राहुल कस्वा, विधायक रफीक खान, अमीन कागजी, मनीष यादव, दानिश अबरार, रेहाना रियाज चिश्ती (एआईसीसी सचिव), और सारिका सिंह (राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष) हैं। ये पर्यवेक्षक केरल में कांग्रेस की चुनावी कमान संभालने में अहम भूमिका निभाएंगे, जहां पार्टी यूडीएफ गठबंधन के साथ एलडीएफ को चुनौती दे रही है।

**केंद्रीय मंत्री पर जूली का तंज, कहा-**

## मंत्री का लहजा 'स्तरहीन', 'दिल्ली दरबार का एक्सटेंशन काउंटर बनी प्रदेश सरकार'

**बेधड़क** | जयपुर

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा पर राज्य के अधिकारियों और कर्मचारियों को डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन से बदतमीजी से बात करना भाजपा की प्रवृत्ति बन चुकी है।

जूली ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के हालिया बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि अधिकारियों को धमकाने का उनका लहजा 'स्तरहीन' है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि संभवतः मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने और भजनलाल शर्मा को यह जिम्मेदारी मिलने से वे हताश हैं, जिसके चलते वे इस तरह का व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि शेखावत पहले भी जोधपुर ग्रामीण के तत्कालीन एसपी के खिलाफ मुख्यमंत्री को पत्र लिख चुके हैं। जूली ने आरोप लगाया कि राज्य में 'सिस्टम का पूर्ण ब्रेकडाउन' हो चुका है और सरकार पूरी तरह निष्क्रिय हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता के प्रति जवाबदेह होने के बजाय 'दिल्ली दरबार का एक्सटेंशन काउंटर' बन गई है।

**राज्य वृक्ष 'खेजड़ी' संरक्षण को लेकर जोगाराम पटेल ने ली बैठक**

# प्रदेश सरकार अब तैयार करेगी संरक्षित पेड़ों की सूची

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान सरकार राज्य वृक्ष खेजड़ी व अन्य हरे पेड़ों के संरक्षण, संवर्धन और पर्यावरण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त कानून लाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है।

इसी क्रम में संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य विभाग के मंत्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में तीसरी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वन विभाग, विधि विभाग एवं राजस्व विभाग) सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के आधार पर वृक्ष संरक्षण विधेयक का प्रारूप प्रस्तुत किया गया। सदस्यों ने इसके विभिन्न बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया और अतिशीघ्र अंतिम प्रारूप तैयार करने की रूपरेखा तय की। विशेष जोर इस बात पर दिया गया कि प्रस्तावित कानून से आम जनता को कोई अनावश्यक कठिनाई न हो।



### हरे पेड़ों की कटाई के लिए कठोर प्रावधान शीघ्र लाएगी सरकार

पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता जताते हुए हरे पेड़ों की कटाई पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कठोर प्रावधान शामिल करने पर चर्चा हुई। इसमें क्षेत्राधिकार, जांच प्रक्रिया, न्यायिक व्यवस्था, अपील, दंड प्रावधान, प्राधिकरण गठन व क्रियान्वयन तंत्र जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से विचार किया गया।

### सुझावों को समाहित करने का लिया निर्णय

बैठक में संरक्षित पेड़ों की सूची तैयार करने का निर्णय किया गया, जिससे संवेदनशील प्रजातियों का विशेष संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में आए सुझावों को समाहित करते हुए विधेयक का संशोधित प्रारूप जल्द तैयार करने का निर्णय लिया गया, जिससे राज्य में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक सशक्त कानूनी ढांचा स्थापित किया जा सके।

https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिंदी अखबार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

Scan to Subscribe

वर्ष: 5 । अंक: 101 | जयपुर, सोमवार, 23 मार्च, 2026 । चैत्र, शुक्ल पक्ष-पंचमी, विसं 2083 | पृष्ठ: 12 । मूल्य: 3.00

## जरूरी खबर

### सोनम वांगचुक छह महीने बाद लेह पहुंचे



**लेह।** लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक करीब 6 महीने बाद रविवार को लेह पहुंचे। उन पर लगा राष्ट्रीय सुरक्षा कानून 14 मार्च को हटाए जाने के बाद उन्हें जोधपुर जेल से रिहा किया गया था। लेह पहुंचने पर उनके स्वागत के लिए सैकड़ों समर्थक जुटे। इस दौरान वांगचुक ने कहा कि उनके आंदोलन का उद्देश्य जरूर पूरा होगा और 'एक नया सूरज उगेगा।' उन्होंने देशभर के समर्थकों का आभार जताते हुए कहा कि इतने लंबे समय बाद अपने लोगों और पहाड़ों के बीच लौटना उनके लिए भावुक पल है।

### कतर में हेलीकॉप्टर हादसा, 6 की मौत

**काहिरा।** कतर ने फारस की खाड़ी में हुए हेलीकॉप्टर हादसे में छह लोगों की मौत की पुष्टि की है। गृह मंत्रालय के अनुसार यह दुर्घटना कतर के जल क्षेत्र में हुई, जिसमें एक व्यक्ति अब भी लापता है। रक्षा मंत्रालय ने हादसे के लिए तकनीकी खराबी को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, अभी तक मृतकों की राष्ट्रीयता या उनकी पहचान वे नागरिक थे या सैन्यकर्मी स्पष्ट नहीं की गई है। इस हादसे के बाद क्षेत्र में सुरक्षा और तकनीकी जांच को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

## सीएम और पीएम कार्यकाल मिलाकर 8,931 दिन पूरे

### चामलिंग का रिकॉर्ड टूटा... अब नेहरू के रिकॉर्ड पर नजर

# मोदी ने रचा इतिहास, सबसे लंबे समय तक 'हेड ऑफ गवर्नमेंट'

**बेधड़क** | नई दिल्ली

भारत के राजनीतिक इतिहास में एक नया रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। पीएम नरेंद्र मोदी अब देश में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख (हेड ऑफ गवर्नमेंट) रहने वाले नेता बन गए हैं। गुजरात के सीएम और प्रधानमंत्री दोनों पदों पर अपने कार्यकाल को मिलाकर मोदी ने कुल 8,931 दिन पूरे कर लिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने पवन कुमार चामलिंग के 8,930 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

### प्रधानमंत्री के रूप में रिकॉर्ड

- 2014 में मोदी देश के प्रधानमंत्री बने और तब से लगातार तीन बार 2014, 2019 और 2024 लोकसभा चुनाव जीतकर सत्ता में बने हुए हैं। 22 मार्च 2026 तक वे बतौर प्रधानमंत्री 4,318 दिन पूरे कर चुके हैं।
- मोदी ने इंदिरा गांधी के 4,077 दिनों के लगातार कार्यकाल का रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ दिया है, जिससे वे देश के दूसरे सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री बने हैं।
- सबसे लंबा कार्यकाल अब भी जवाहरलाल नेहरू के नाम है, जो 15 अगस्त 1947 से 27 मई 1964 तक कुल 6,126 दिनों तक इस पद पर रहे। मोदी अभी इस रिकॉर्ड से लगभग 1,800 दिन पीछे हैं।

### गुजरात से दिल्ली तक का सफर

17 सितंबर 1950 को जन्मे मोदी का सार्वजनिक जीवन कम उम्र में ही शुरू हो गया था। वे बचपन में महागुजरात आंदोलन से जुड़े और बाद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ सक्रिय हो गए। 7 अक्टूबर 2001 को वे बिना विधायक बने गुजरात के 14वें मुख्यमंत्री नियुक्त किए गए। इसके बाद उन्होंने 2002, 2007 और 2012 में चुनाव जीतकर लगातार चार बार राज्य की कमान संभाली। कुल मिलाकर वे करीब 14 साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे, जो राज्य के इतिहास में सबसे लंबा कार्यकाल है।



### मोदी के नाम अन्य उपलब्धियां


- यह उपलब्धि अकेली नहीं है। नरेंद्र मोदी गुजरात के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले मुख्यमंत्री रहे हैं। साथ ही, वे ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनके पास मुख्यमंत्री के तौर पर सबसे अधिक प्रशासनिक अनुभव है।
- वे आजादी के बाद जन्म लेने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री भी हैं। इसके अलावा लगातार तीन लोकसभा चुनाव जीतकर सत्ता में वापसी करना भी उनकी बड़ी राजनीतिक उपलब्धियों में शामिल है।
- मोदी का यह नया रिकॉर्ड उनके लंबे राजनीतिक सफर और लगातार जनसमर्थन को दर्शाता है और आने वाले वर्षों में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वे नेहरू के ऐतिहासिक रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ पाते हैं।



**रिकॉर्ड टूटा:** इससे पहले सबसे लंबे समय तक सरकार प्रमुख रहने का रिकॉर्ड सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के नाम था। उन्होंने 1994 से 2019 तक करीब 24 साल 165 दिन तक मुख्यमंत्री पद संभाला। चामलिंग ने यह रिकॉर्ड ज्योति बसु को पीछे छोड़कर बनाया था, जो पश्चिम बंगाल में 23 साल तक मुख्यमंत्री रहे।

## तेल, गैस और उर्वरक आपूर्ति पर मंथन

# पश्चिम एशिया संकट पर पीएम नरेंद्र मोदी की मैराथन बैठक



*पीएम आवास पर आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ (बाएं से दाएं) केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान।*

### प्रधानमंत्री मोदी ने जरूरी आपूर्ति की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

**बेधड़क** | नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने ऊर्जा और आपूर्ति सुरक्षा को लेकर बड़ी सतर्कता दिखाते हुए उच्च स्तरीय बैठक की। नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार को प्रधानमंत्री आवास पर करीब साढ़े तीन घंटे चली इस बैठक में कच्चे तेल, गैस, बिजली और उर्वरक आपूर्ति की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। यह बैठक अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर पड़े असर के मद्देनजर बुलाई गई थी। बैठक में सरकार का फोकस साफ रहा कि देश में जरूरी वस्तुओं की सप्लाई किसी भी हाल में बाधित न हो।

### मोदी की अध्यक्षता में CCS की बैठक

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने रविवार को स्थिति की समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता नरेंद्र मोदी ने की। बैठक में खाद्य, ऊर्जा और ईंधन सुरक्षा समेत आम लोगों की आवश्यकताओं की उपलब्धता का आकलन किया गया। साथ ही आपूर्ति श्रृंखला, कृषि, उर्वरक और औद्योगिक क्षेत्रों पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा हुई। सरकार ने तात्कालिक और दीर्घकालिक उपायों पर मंथन करते हुए मंत्रियों और अधिकारियों का एक समूह गठित करने का निर्णय लिया, ताकि संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

### लगातार वैश्विक संपर्क में भारत


प्रधानमंत्री मोदी ने हाल के दिनों में सऊदी अरब, यूएई, कतर, इजराइल और ईरान समेत कई देशों के नेताओं से बातचीत कर हालात पर नजर बनाए रखी है। सरकार का स्पष्ट संदेश है वैश्विक संकट के बीच भी भारत अपनी ऊर्जा और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए हर जरूरी कदम उठा रहा है।

### कई दिग्गज मंत्री रहे मौजूद

बैठक में अमित शाह, निर्मला सीतारमण, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, एस. जयशंकर, पीयूष गोयल, अश्विनी वैष्णव और हरदीप सिंह पुरी सहित कई वरिष्ठ मंत्री शामिल हुए। इसके अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और शीर्ष अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे।

## खाड़ी में 22 शिप सुरक्षित

# अमेरिका से LPG... रूस से क्रूड लेकर भारत आए शिप



**बेधड़क** | नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत की ऊर्जा आपूर्ति को लेकर राहत भरी खबर सामने आई है। पिछले एक सप्ताह में रूस से कच्चा तेल और अमेरिका से एलपीजी लेकर पांच जहाज सुरक्षित भारत पहुंच चुके हैं, जबकि फारस की खाड़ी में मौजूद 22 भारतीय जहाज भी पूरी तरह सुरक्षित बताए गए हैं। अमेरिका के टेक्सास से लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (LPG) लेकर एक कार्गो शिप रविवार को मेंगलुरु पोर्ट पहुंचा। वहीं रूस से कच्चा तेल लेकर एक अन्य जहाज भी भारत पहुंचा है। 18 मार्च को क्रूड ऑयल टैंकर 'जग लाडकी' करीब 80 हजार मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचा था। इससे पहले 16 और 17 मार्च को एलपीजी कैरियर 'शिवालिक' और 'नंदा देवी' भी करीब 92 हजार मीट्रिक टन गैस लेकर भारत आए। ये सभी जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होकर भारत पहुंचे, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का अहम मार्ग है। यहां से दुनिया के करीब 20% तेल की सप्लाई होती है। फारस की खाड़ी में फिलहाल 22 भारतीय जहाज मौजूद हैं। हालांकि, सभी जहाज सुरक्षित हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत की ऊर्जा आपूर्ति बनाए रखने के लिए सरकार और शिपिंग एजेंसियां सतर्क हैं, जिससे देश में तेल और गैस की उपलब्धता प्रभावित न हो।

## उदयपुर में एसीबी का बड़ा एक्शन

# मांडवा थानाधिकारी और कांस्टेबल 8 लाख रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

### एनडीपीएस केस में नाम हटाने के बदले 20 लाख की मांग

**बेधड़क** | उदयपुर

उदयपुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मांडवा थाने के थानाधिकारी और एक कांस्टेबल को 8 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में थानाधिकारी निर्मल कुमार खत्री और कांस्टेबल भल्लाराम पटेल शामिल हैं। दोनों पर एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में चार लोगों को आरोपी नहीं बनाने के बदले भारी रकम की मांग करने का आरोप है। एसीबी के डीजी गोविंद गुप्ता के अनुसार, शिकायत मिली थी कि मांडवा थाने में दर्ज एनडीपीएस केस में चार लोगों को बचाने के लिए रिश्वत मांगी जा रही है। आरोप है कि थानाधिकारी ने प्रति व्यक्ति 5-5 लाख रुपए, यानी कुल 20 लाख रुपए की मांग की थी। बाद में बातचीत के दौरान यह सौदा 8 लाख रुपए में तय हुआ।



*थानाधिकारी निर्मल कुमार खत्री और कांस्टेबल भल्लाराम पटेल*

### थाने के अंदर ही ट्रैप

शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी की टीम ने रविवार को ट्रैप कार्रवाई की। उदयपुर की इंटेलिजेंस यूनिट ने जाल बिछाकर दोनों आरोपियों को थाने के अंदर ही रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। बरामद रकम में 1 लाख रुपए असली और 7 लाख रुपए डमी (चिल्ड्रन नोट) शामिल थे।

### धमकाकर वसूली का आरोप

एसीबी के मुताबिक, आरोपी पुलिसकर्मी शिकायतकर्ता और उसके परिजनों को लगातार धमका रहे थे। उन्हें डराया गया कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो चारों को मामले में आरोपी बना दिया जाएगा और परिवार को भी फंसा दिया जाएगा। परेशान होकर पीड़ित ने एसीबी से संपर्क किया, जिसके बाद रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में इंस्पेक्टर सोनू शेखावत की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

### जांच पहले ही हो चुकी थी ट्रांसफर

जानकारी के अनुसार, यह मामला मादक पदार्थ तस्करी से जुड़ा था, जिसमें पहले ही चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी थी। बाद में जांच नियमानुसार दूसरे थाने बेकरिया को सौंप दी गई थी। इसके बावजूद मांडवा थानाधिकारी द्वारा परिजनों को फंसाने की धमकी देकर रिश्वत मांगना गंभीर अनियमितता माना जा रहा है। एसीबी अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले में आगे की जांच जारी है।

## एक्सियोस न्यूज का दावा

# ईरान से सीजफायर वार्ता करना चाहते हैं ट्रंप



**एजेंसी** | वॉशिंगटन

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप की टीम ईरान के साथ सीजफायर वार्ता की कोशिशों में जुटी है। एक्सियोस न्यूज के अनुसार, ट्रंप के सलाहकार जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि, ईरान ने बातचीत के लिए कड़ी शर्तें रखी हैं। तेहरान का कहना है कि पहले युद्ध रोका जाए, नुकसान का मुआवजा दिया जाए और भविष्य में हमले न होने की गारंटी दी जाए। वहीं ट्रंप प्रशासन ने संकेत दिया है कि मुआवजे जैसी सभी शर्तें मानना फिलहाल संभव नहीं है। अमेरिका और ईरान के बीच सीधी बातचीत नहीं हो रही, लेकिन मिस्र, कतर और ब्रिटेन मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। अमेरिका चाहता है कि ईरान मिसाइल और परमाणु कार्यक्रमों पर रोक लगाए तथा क्षेत्रीय संगठनों को समर्थन बंद करे। मिडिल ईस्ट में बढ़ते संघर्ष के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने परमाणु ठिकानों पर हमलों को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की है। WHO के डायरेक्टर जनरल डॉ. टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने कहा कि ईरान के नतांज एनरिचमेंट कॉम्प्लेक्स और इजराइल के डिमोना शहर, जहां न्यूक्लियर सुविधा है, वहां हमलों की खबरें सामने आई हैं। टेड्रोस ने कहा कि परमाणु ठिकानों को निशाना बनाना सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा पैदा करता है।

## केंद्र की मदद से 3,587 स्कूलों का पुनर्निर्माण, हजारों कक्षाओं और शौचालयों की मरम्मत होगी

# 300 करोड़ की सौगात... जर्जर स्कूलों को नई जिंदगी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में जर्जर सरकारी स्कूल भवनों के पुनर्निर्माण को लेकर बड़ी पहल सामने आई है। केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने राज्य के लिए 300 करोड़ रुपए की राशि को मंजूरी दी है, जिससे प्रदेश के हजारों विद्यालयों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने का रास्ता साफ हुआ है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत आधारभूत संरचना तैयार करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर विद्यार्थी को सुरक्षित, आधुनिक और प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि केंद्र के सहयोग और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार होगा और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।




### 5 साल में 12,335 करोड़ का मेगा प्लान

राजस्थान सरकार ने जर्जर स्कूल भवनों की स्थिति सुधारने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। इस संबंध में राज्य सरकार ने राजस्थान हाई कोर्ट में 792 पेज का एक्शन प्लान प्रस्तुत किया है, जिसमें अगले पांच वर्षों में 12,335 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रस्ताव है। योजना के तहत प्रदेश में कुल 3,587 जर्जर स्कूलों की पहचान की गई है, जिनके पुनर्निर्माण और मरम्मत का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

### शिक्षा में बदलाव की उम्मीद

केंद्र की 300 करोड़ रुपए की स्वीकृति और राज्य सरकार की पांच वर्षीय योजना से अब प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों विद्यार्थियों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिलने की उम्मीद है। यह पहल न केवल भवनों के पुनर्निर्माण तक सीमित है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और छात्रों के भविष्य को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

### क्या-क्या होंगे काम

- **3,587** स्कूलों के नए भवन निर्माण के लिए 2,487 करोड़ रुपए
- **22,589** भवनों की मरम्मत के लिए 1,129 करोड़ रुपए
- **83,783** नए कमरे बनाने के लिए 8,378 करोड़ रुपए
- **13,616** शौचालयों के निर्माण व मरम्मत के लिए 340 करोड़ रुपए

## शिष्टाचार भेंट...



*डॉ. जगदीश चंद्र ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर अभिवादन किया।*

**जरूरी खबर**

### मासूम पर कुत्ते का हमला, परिजनों ने कुत्ते को मार डाला



**अलवर।** शहर के पास जटियाना गांव में रविवार को एक 7 साल के मासूम पर आवारा कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। हमले में बच्चे के गाल, गर्दन और हाथ पर गहरे घाव आए। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने कुत्ते को लाठियों से पीट-पीटकर मार डाला। गंभीर हालत में मासूम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल बच्चे के दादा हसन खान ने बताया कि बच्चा खेल रहा था। तभी आवारा कुत्ते ने बच्चे पर हमला कर दिया। इस दौरान पास से गुजर रही एक महिला ने लाठी से कुत्ते को भगाया। हसन खान ने बताया कि जब वह कुत्ते को भगाने आया तो उस पर भी हमला कर दिया, लेकिन वह घर में घुस गया। बाद में परिवार के अन्य लोगों ने मिलकर कुत्ते को मार दिया। इस दौरान गांव में दहशत का माहौल हो गया। लोग घरों में घुस गए।

### टोंक व भीलवाड़ा में मधुमक्खियों के हमले में 62 घायल

**टोंक/भीलवाड़ा।** टोंक के निवाई और भीलवाड़ा के सहाड़ा क्षेत्र में रविवार को मधुमक्खियों के हमले में करीब 62 लोग घायल हो गए। निवाई में टोंक रोड स्थित वेटरनरी अस्पताल के पास पेड़ पर लगे छत्ते से अचानक मधुमक्खियां उड़कर राहगीरों पर टूट पड़ीं। हमले में करीब 50 लोग घायल हो गए। वहीं, भीलवाड़ा के सहाड़ा में अंतिम संस्कार के दौरान चिता से उठे धुएं से मधुमक्खियां भड़क गई और श्मशान घाट पर मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। अफरा-तफरी के बीच करीब 12 लोग घायल हो गए, जिनका गंगापुर अस्पताल में इलाज जारी है।

### अवैध ड्रग्स फैक्ट्री पकड़ी, लाखों का केमिकल जब्त



**प्रतापगढ़।** अरनोद पुलिस ने अवैध ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर मौके से एमडी बनाने में प्रयुक्त केमिकल और उपकरण जब्त किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपए है। पुलिस को सूचना मिली थी कि देवल्दी निवासी आरोपी अरबाज खान ने कब्रिस्तान के पास केमिकल छुपा रखे हैं। इस पर टीम ने मौके से झाड़ियों में छिपाकर रखे गए 6 जरीकेन बरामद किए गए, जिनमें 46 किलो से अधिक विभिन्न प्रकार के केमिकल मिले।

**जयपुर से चूरू जाते समय मदन दिलावर अचानक सीकर जिले की ग्राम पंचायतों का निरीक्षण करने पहुंचे**

# ग्राम पंचायत में गंदगी देख भड़के मंत्री, 6 अधिकारी निलंबित

**बेधड़क** | सीकर

शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर रविवार को जयपुर से चूरू जाते समय सीकर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त गंदगी देखकर भड़क गए। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए पूछा कि यदि इस गंदगी से बीमारी फैल गई तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। मंत्री ने कार्रवाई करते हुए सीकर के 2 बीडीओ, 2 एबीडीओ और 2 स्वच्छता प्रभारियों को सस्पेंड करने और जिला परिषद के सीईओ और एसीईओ को चार्जशीट देने के निर्देश जारी किए। दरअसल, सबसे पहले वे ग्राम पंचायत ठीकरिया पहुंचे, इसके बाद पलसाना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रेवासा का दौरा किया। रेवासा में गंदगी और कचरे के ढेर देखकर मंत्री नाराज हो गए। उन्होंने ग्रामीणों को बुलाकर सफाई व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में न तो नियमित सफाई होती है और ना ही कचरा उठाने के लिए कोई वाहन आता है। यह सुनकर मंत्री दिलावर ने मौके पर ही जिला परिषद सीकर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को फोन कर स्थिति पर नाराजगी जताई।



मंत्री दिलावर चूरू जिले के प्रवास कार्यक्रम पर थे। इस दौरान उन्होंने रास्ते में सीकर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया।

#### बाजोर में भी स्थिति बदतर

इसके बाद मंत्री पिपराली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बाजोर पहुंचे, जहां स्थिति और भी खराब मिली। गांव में जगह-जगह पानी भरा हुआ था, कीचड़ और कचरे के कारण रास्ते अवरुद्ध थे। मुख्य सड़कों पर भी गंदगी के ढेर लगे हुए थे। इस पर मंत्री ने अधिकारियों से सवाल किया कि क्या वे कभी गांवों का निरीक्षण करते हैं। मंत्री दिलावर ने कहा कि गर्मी का मौसम आने वाला है और यदि ऐसी स्थिति में बीमारियां फैलती हैं, तो इसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित बीडीओ कभी गांवों का दौरा नहीं करते।

#### लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

नाराज मंत्री ने कहा कि वे पिछले दो वर्षों से लगातार स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के निर्देश दे रहे हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### इन पर हुई कार्रवाई

मंत्री दिलावर ने जिला परिषद के सीईओ तथा एसीईओ को चार्जशीट देने और पलसाना के बीडीओ सुरेंद्र शर्मा (कार्यवाहक) व एबीडीओ बीरबल सिंह, पिपराली बीडीओ जनरैल सिंह व एबीडीओ रतन को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। इसके साथ दो स्वच्छता प्रभारी को भी सस्पेंड किया गया। मंत्री ने यह भी कहा कि यदि स्वच्छता के लिए आवंटित धनराशि का दुरुपयोग पाया गया, तो संबंधित अधिकारियों से उसकी वसूली की जाएगी।

**लोहागढ़ कुश्ती दंगल: 136 पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले**

# दंगल में पहलवानों ने दिखाया अपना दमखम, मोहित विजेता

- भरतपुर के दीपक नूरपुर रहे उपविजेता, जिला कलेक्टर ने किया सम्मानित

**बेधड़क** | भरतपुर

जिला मुख्यालय पर आयोजित 45वें लोहागढ़ केसरी दंगल में पहलवानों ने दमखम और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबलों के बीच मोहित फोगाट ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखते हुए लोहागढ़ केसरी का खिताब अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि मोहित फोगाट वर्ष 2024 में भी विजेता रहे थे और इस बार लगातार दूसरी जीत दर्ज कर उन्होंने अपनी श्रेष्ठता साबित की। दंगल संयोजक चुन्नी कप्तान ने बताया कि यह प्रतियोगिता जिला कुश्ती संघ एवं श्री हनुमान मंदिर गुरु सिंह व्यायामशाला के तत्वावधान में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुल 136 पहलवानों ने भाग लिया, जिनमें 106 पहलवान खिताबी मुकाबलों में और 30 पहलवान स्पेशल कुश्तियों में उतरे। दिनभर चले मुकाबलों में क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल राउंड तक दर्शकों को रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। दंगल में राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और आर्मी के पहलवानों ने भाग लिया। खेल विभाग, नगर निगम और स्थानीय जनसहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



लोहागढ़ केसरी दंगल में दांव-पेंच आजमाते पहलवान।



अतिथियों के साथ दंगल विजेता मोहित फोगाट।

#### किशोर वर्ग में पालिंदर स्टेडियम का खिलाड़ी विजेता

किशोर वर्ग में पालिंदर स्टेडियम के खिलाड़ी ने प्रथम स्थान हासिल किया और 31 हजार रुपए, शील्ड व पट्टा प्राप्त किया। शिव सिंह महंगाया दूसरे, संदीप प्रजापत (भीलवाड़ा) तीसरे तथा लखन परमदरा चौथे स्थान पर रहे। सबसे छोटे वर्ग लोहागढ़ बसंत में डीग के मनीष सैनी ने पहला स्थान प्राप्त कर 21 हजार रुपए व शील्ड हासिल की।

#### कुमार वर्ग में हिसार के अनुज रहे प्रथम

कुमार वर्ग में हिसार के अनुज ने पहला स्थान प्राप्त किया। उन्हें 51 हजार रुपए, बुर्ज, शील्ड, पट्टा दिया गया। मनोज परमदरा दूसरे (21 हजार) तथा रोहतक के कपिल तीसरे स्थान (15 हजार) पर रहे।

#### विजेता को एक लाख 11 हजार रुपए व उपविजेता को 51 हजार रुपए किए प्रदान

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर कमर चौधरी (आईएएस) रहे। उन्होंने पहलवानों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया तथा विजेताओं को सम्मानित किया। बाद में अन्य पुरस्कार जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष सीताराम एवं पदाधिकारियों द्वारा वितरित किए गए। मुख्य खिताबी मुकाबले में मोहित फोगाट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। उन्हें 1 लाख 11 हजार रुपए नकद, बुर्ज, पट्टा एवं ड्राई फ्रूट पैकेट प्रदान किया गया। वहीं भरतपुर के दीपक नूरपुर दूसरे स्थान पर रहे, जिन्हें 51 हजार रुपए एवं शील्ड दी गई। तीसरे स्थान पर सतवीर और चौथे स्थान पर हरियाणा के रोहित रहे।

**टक्कर के बाद पलटी पिकअप**

## पिकअप-बाइक की भिड़ंत, पति-पत्नी समेत 3 की मौत



जीवन। चंपा। गुड्डू।

**बेधड़क** | प्रतापगढ़

सुहागपुरा थाना क्षेत्र में एनएच 56 पर रविवार दोपहर एक पिकअप और बाइक की टक्कर में दंपती समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद पिकअप हाईवे से नीचे उतरकर खेत में पलट गई, जिससे उसका चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। थाना अधिकारी मनीष वैष्णव ने बताया कि पीपलखूंट के डूंगलावाणी निवासी जीवन (35), उसकी पत्नी चंपा (30) और उनका मित्र गुड्डू (26) एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान बांसवाड़ा से प्रतापगढ़ की ओर आ रही मुर्गियों से भरी एक पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दूर जा गिरे और पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरते हुए खेत में पलट गई। हादसे की आवाज सुनकर आस-पास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जीवन, चंपा और गुड्डू को मृत घोषित कर दिया। पिकअप चालक असलम खान को प्राथमिक उपचार के बाद मध्यप्रदेश के मंदसौर रेफर कर दिया गया।

## मादक पदार्थ व नकदी बरामद, दो गिरफ्तार

**बेधड़क** | नागौर

एसपी रोशन मीना के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन संकल्प -नशा मुक्त नागौर अभियान के तहत अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस ने तीन बड़ी कार्रवाइयां की। पहली कार्रवाई सरहद रायधनु क्षेत्र में की। यहां आरोपी नरेश के ढाणी स्थित निवास से 86 ग्राम अवैध स्मैक व 2,15,350 रुपए नकद तथा एक बाइक बरामद की गई। दूसरी कार्रवाई थाना श्रीबालाजी पुलिस ने तितरी-जोधियासी क्षेत्र में की, जहां आरोपी शिवराम के मकान से 1



किलो 643 ग्राम अवैध अफीम तथा 50,100 रुपए नकद बरामद किए। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार किया गया। तीसरी कार्रवाई खींवसर पुलिस ने आकला में की, जहां आरोपी तिलोकराम के मकान व खेत से कुल डोडा पोस्त के 600 पौधे जब्त किए गए तथा आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

**31 टिन नकली माल जब्त, वनस्पति घी-पाम ऑयल भी मिले**

## नकली सरस घी बनाने की फैक्ट्री पकड़ी, एक गिरफ्तार

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

पुलिस और रसद विभाग की टीम ने रविवार को नकली घी बनाने की एक फैक्ट्री पर दबिश देकर सरस ब्रांड के रैपर, पाम ऑयल व वनस्पति घी जब्त किया है।

इसके साथ ही पुलिस ने 1 को हिरासत में लिया है। शहर के सुभाष नगर पश्चिम विस्तार बाइस्कोप के सामने गली नंबर 5, 6 में एक फैक्ट्री में नकली



घी बनाया जा रहा था। सूचना पर फूड इंस्पेक्टर अशोक कुमार यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। यहां मिलावटी नकली घी तैयार किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से 31 टिन तैयार नकली घी, 32 टिन वनस्पति घी, 18 टिन पाम ऑयल सहित लेबल, खाली कार्टन, पैकिंग मशीन जब्त की।

पुलिस ने मौके से चुन्नीलाल निवासी मलान को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि वनस्पति घी, कॉटन सीड और पाम ऑयल को मिलाकर नकली घी सरस ब्रांड से तैयार किया जा रहा था।

## राज्यपाल माथुर ने किया गागरोन दुर्ग का भ्रमण



**बेधड़क** | झालावाड़

सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने रविवार को गागरोन दुर्ग का भ्रमण कर इसकी ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक विशेषताओं की सराहना की। विश्व धरोहर सूची में शामिल इस जल दुर्ग पर पहुंचकर उन्होंने कालीसिंध और आहू नदियों के संगम स्थल के मनोहारी दृश्य को अद्वितीय बताया। राज्यपाल माथुर ने कहा कि बिना नींव के चट्टानों पर सदियों से खड़ा यह दुर्ग भारतीय शौर्य, पराक्रम और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने दुर्ग के विभिन्न स्थलों का पैदल निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने उन्हें गागरोन दुर्ग के इतिहास, जौहर की गौरवगाथा, विभिन्न शासकों के योगदान, संत संत पीपा के जीवन प्रसंग तथा प्रसिद्ध गागरोनी तोतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**रावलसिंह हत्याकांड के बाद फूटा समाज का गुस्सा**

# आश्वासन के बाद धरना समाप्त, तीन आरोपी अरेस्ट

**बेधड़क** | फलोदी

मतोड़ा थाना क्षेत्र के भीकमकोर गांव में शनिवार को हुए रावल सिंह हत्याकांड के बाद राजपूत समाज का गुस्सा फूट पड़ा। समाज के लोग आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एमडीएम अस्पताल की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए। रविवार शाम को आश्वासन के बाद समाज का धरना समाप्त हो गया। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने फोन पर बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि चार की तलाश की जा रही है। समाज की मांग पर फलोदी कलेक्टर ने आर्थिक सहायता का प्रस्ताव बनाकर भेजा है, साथ ही मृतक के परिवार को संविदा पर नौकरी देने की बात चिकित्सा मंत्री ने कही। इसके बाद मारवाड़ राजपूत महासभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा ने धरना समाप्त करने की घोषणा की।



राजपूत समाज का धरना।

#### पुलिस पहले कार्रवाई करती तो हत्या नहीं होती

राजपूत महासभा के अध्यक्ष खांगटा ने धरने में कहा कि ओसियां में पिछले दिनों हमले की घटना हुई, उसमें रावल सिंह के साथ बुरी तरह से मारपीट की गई। उसके हाथ-पांव तोड़ दिए गए, लेकिन पुलिस ने आरोपियों को जमानत दिलवा दी। पुलिस उस समय कड़ी कार्रवाई करती तो आज यह दिन नहीं देखना पड़ता। खांगटा ने पुलिस से शनिवार को हुई इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर सेलिब्रेशन करने वालों को भी आरोपी मान कार्रवाई करने की मांग की।

#### यह है पूरा मामला

फलोदी के भीखमकोर गांव के मुख्य स्टैंड पर शनिवार अपराह्न तीन बजे बाइक पर सवार होकर पहुंचे तीन बदमाशों ने पुरानी रंजिश के चलते रावल सिंह पातावत (26) को ताबड़तोड़ गोलियों से भून दिया, जिसके बाद वह खून से लथपथ हालत में जमीन पर गिर गया, तो बदमाशों ने पास जाकर सिर में गोली मार दी। तीनों बदमाश हेलमेट लगाकर आए थे। वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। वारदात के बाद केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी घटनास्थल पर पहुंचे थे।

**मंत्री राठौड़ ने पोस्टर का किया विमोचन**

## उदयपुर में 26-27 को होगा शास्त्रीय नृत्य-संगीत उत्सव



**बेधड़क** | उदयपुर

कथक आश्रम उदयपुर एवं ऑल इंडिया डांसर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 26 व 27 अप्रैल को होने वाले 6वें इंटरनेशनल क्लासिकल डांस एंड म्यूजिक फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन जयपुर में कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने किया। आयोजक चंद्रकला चौधरी ने बताया कि 26 अप्रैल को फेस्टिवल का शुभारंभ होगा, जिसमें शास्त्रीय नृत्य व संगीत की प्रस्तुतियां होंगी। दूसरे दिन रायपुर के डॉ. जी. रथीश बाबू कुचिपुड़ी, दिल्ली की ऋचा गुप्ता कथक, बेंगलुरु की राजश्री दास भरतनाट्यम तथा सेजल ग्रुप कृष्ण थीम पर कथक प्रस्तुत करेंगे।

## जरूरी खबर

### गणगौर सवारी के दौरान पांच संदिग्धों को पकड़ा

**बेधड़क, जयपुर।** त्रिपोलिया बाजार में जनानी ड्योढ़ी से गणगौर माता की शाही सवारी पूरे ठाठ-बाट के साथ निकाली गई। माता के दर्शन के लिए रास्तेभर भारी भीड़ उमड़ी। इसी भीड़ का फायदा उठाकर कुछ संदिग्ध लोग भी सवारी में घुस गए, जिन्हें पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए पकड़ लिया। थाना प्रभारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में राजा खान (28), अरुण (22), फैजान (22), मोहम्मद जाफर (23) और मोहम्मद अंसार (31) निवासी नाहरी का नाका, शास्त्री नगर शामिल हैं।

### नाहरगढ़ जैविक उद्यान में पर्यटकों की रिकॉर्ड आवक



**बेधड़क, जयपुर।** नाहरगढ़ जैविक उद्यान सैलानियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। रविवार को उद्यान में पर्यटकों की रिकॉर्ड 6,029 संख्या दर्ज की गई। एक ही दिन में इतने लोग यहां वन्यजीवों का दीदार करने पहुंचे। एसीएफ देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि बदलते मौसम का सुहावना मिजाज और अवकाश का दिन होने के कारण बड़ी संख्या में पर्यटक उद्यान की ओर आकर्षित हुए। रविवार को लायन सफारी और टाइगर सफारी पर्यटकों के मुख्य आकर्षण रहे। कुल 457 पर्यटकों ने इन सफारियों का रोमांचक अनुभव लिया। बाघों की गर्जना और शेरों की शाही चाल ने सैलानियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उप वन संरक्षक विजयपाल सिंह के निर्देशन में उद्यान में पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधाओं और व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### VKI में 4,840 किलो मिलावटी मिर्च पाउडर जब्त



**बेधड़क, जयपुर।** 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने रविवार को जयपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 4,840 किलो मिलावटी मिर्च पाउडर जब्त किया। कार्रवाई खाद्य आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन और अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह व संयुक्त आयुक्त डॉ. विजय प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में की गई। विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मैसर्स वर्षा एंटरप्राइजेज पर छापेमारी के दौरान जांच में पाया गया कि फैक्ट्री में रंग और चापड़ मिलाकर नकली मिर्च पाउडर तैयार किया जा रहा था।

**पश्चिमी विक्षोभ का असर:** इस सप्ताह लू या हीटवेव की कोई संभावना नहीं

# बारिश और ओलों से बदला मौसम का मिजाज, पारा गिरा

**बेधड़क | जयपुर**



जोधपुर @केतू कलां

प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलता नजर आ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, रविवार को राज्य के पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। येलो अलर्ट जारी होने के बाद जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर, पाली और नागौर जिलों में अलग-अलग स्थानों पर मेघगर्जन के साथ बूंदाबांदी हुई। कुछ इलाकों में तेज हवाएं चलीं, जबकि जोधपुर सहित अन्य स्थानों पर तेज आंधी के साथ बारिश और ओले भी गिरे। शनिवार से रविवार सुबह तक चूरू के रतनगढ़ में 16 मिमी सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई। राज्य के बीकानेर और जयपुर संभागों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा हुई, जबकि पूर्वी राजस्थान में यह काफी कम या नगण्य रही।

### शहरों का तापमान

राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान में उतार-चढ़ाव देखा गया। सबसे गर्म स्थान बाड़मेर (35.2°C) रहा, जबकि सबसे ठंडा माउंट आबू (11.3°C) दर्ज किया गया।

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| जयपुर | 31.2°C | 19.7°C |
| अजमेर | 32.4°C | 17.8°C |
| जोधपुर | 34.4°C | 19.8°C |
| कोटा | 34.0°C | 17.0°C |
| बीकानेर | 31.5°C | 19.8°C |
| जैसलमेर | 32.2°C | 18.8°C |
| उदयपुर (डबोक) | 32.8°C | 16.2°C |
| बाड़मेर | 35.2°C, | 20.4°C |
| माउंट आबू | 25.4°C | 11.3°C |

### रतनगढ़ में सबसे ज्यादा बरसात

राज्य के बीकानेर और जयपुर संभागों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा हुई, जबकि पूर्वी राजस्थान में यह काफी कम या नगण्य रही। सर्वाधिक वर्षा चूरू जिले के रतनगढ़ में रविवार सुबह तक 16 मिमी दर्ज की गई।

**जैसलमेर:** 13.1 मिमी
**श्रीगंगानगर:** 5 मिमी
**बीकानेर:** 2-5 मिमी
जोधपुर, फलोदी, डीडवाना-कुचामन, सीकर: 2-7 मिमी
हनुमानगढ़, झुंझुनूं, सीकर, चूरू के अन्य हिस्से: 1-2 मिमी

### 25-26 मार्च को फिर सक्रिय हो सकता है नया पश्चिमी विक्षोभ

मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव धीरे-धीरे कम होगा। अगले कुछ दिनों में मौसम मुख्यतः साफ रहने की संभावना है और तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या धूलभरी आंधी की संभावना है। 25-26 मार्च को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे जयपुर, अजमेर, कोटा और भरतपुर संभागों में मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

**रैली और नारेबाजी कर सांसद आवासों को घेरा**

# UGC बिल के खिलाफ करणी सेना ने किया विरोध प्रदर्शन

**बेधड़क | जयपुर**

श्री राजपूत करणी सेना ने रविवार को यूजीसी बिल के विरोध में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह और जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा के आवासों पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने खातीपुरा और दुर्गापुरा स्थित सांसदों के आवासों के बाहर रैलियां निकालीं। काले झंडे लहराए और नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने साफ संदेश दिया कि यूजीसी का कथित काला कानून अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह आवाज अब रुकेगी नहीं और आंदोलन थमेगा नहीं। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने खातीपुरा से सांसद राव राजेंद्र सिंह के आवास तक नारे लगाते हुए रैली निकाली। आवास के बाहर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने काले कपड़े लहराए और सांसद के नाम के होर्डिंग्स पर पोस्टर चिपकाए। पोस्टरों पर यूजीसी बिल वापस लेने की मांग लिखी गई थी। करीब दो घंटे तक चले इस प्रदर्शन के दौरान सांसद राव राजेंद्र सिंह आवास पर मौजूद नहीं थे। इसके बावजूद कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर विरोध जारी रखा।

इसी क्रम में जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा के सांघी अपार्टमेंट, दुर्गापुरा स्थित आवास पर भी प्रदर्शन किया गया। यहां भी काले झंडे दिखाए गए और नारेबाजी की गई। दोनों सांसदों के आवास पर प्रदर्शनकारियों को कोई प्रतिनिधि या सांसद नहीं मिला। कार्यकर्ताओं ने दोनों सांसदों की चुप्पी पर गहरा असंतोष जताया और कहा कि बच्चों के भविष्य से जुड़े मुद्दे पर अब खामोशी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




*यूजीसी बिल के विरोध में राजपूत करणी सेना ने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के खातीपुरा आवास के बाहर किया विरोध प्रदर्शन।* -फोटो: पंकज शर्मा

### सवर्ण महापंचायत में किया था ऐलान

श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने कहा कि 18 मार्च को सवर्ण महापंचायत में ऐलान किया गया था कि यदि 19 मार्च को कोर्ट में यूजीसी बिल पर कोई फैसला नहीं होता, तो 22 मार्च को देशभर के सांसदों के घरों का घेराव किया जाएगा। इसी योजना के तहत जयपुर में यह प्रदर्शन किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सांसदों ने जल्द ही इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं की तो विरोध और तेज होगा। पंचायत-निकाय चुनावों में भी जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

### बच्चों के हित में आवाज उठाना जरूरी

सेना के जिला संरक्षक शेर सिंह कालवी ने कहा कि सवर्ण समाज हमेशा से सांसदों को वोट देता आया है, लेकिन अब बच्चों के हित में आवाज उठाना जरूरी है। उन्होंने सांसद राव राजेंद्र सिंह से सीधा सवाल किया कि वे बच्चों के पक्ष में कब बोलेंगे। कालवी ने कहा कि जब तक यूजीसी मामलों में सांसद हमारे बच्चों के हित में नहीं बोलेंगे, तब तक इसी तरह विरोध जारी रहेगा। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष नारायण सिंह दिवराला, महेंद्र सिंह, हेम सिंह बाड़मेर, पार्षद अरविंद कूलवाल, राजेंद्र सिंह शेखावत सहित करणी सेना के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और पुलिस की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

**लुटेरी दुल्हन गैंग का पर्दाफाश, 3 अरेस्ट**

## मंदिर में करवाई शादी, कुछ ही घंटों में दुल्हन फरार



*वंदना उर्फ कोमल।*



*आरती उर्फ लक्ष्मी।*

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर पुलिस ने शादी के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाली लुटेरी दुल्हन गैंग का पर्दाफाश किया है। मामले में बिंदायका थाना पुलिस ने दो मुख्य महिला आरोपियों और एक दलाल सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में लुटेरी दुल्हन और उसकी मुंहबोली मां शामिल हैं, जबकि शादी करवाने वाला मुख्य बिचौलिया पहले ही गिरफ्तार हो चुका है। गिरफ्तार आरोपियों में विक्रम दास निवासी बावरला, जोधपुर (पहले गिरफ्तार दलाल), वंदना उर्फ कोमल गज, लालडोरा, नई दिल्ली (लुटेरी दुल्हन) और आरती उर्फ लक्ष्मी, अंबेडकर पार्क के पास, प्रह्लादपुर, नई दिल्ली (मुंहबोली मां) शामिल हैं। डीसीपी (वेस्ट) प्रशांत किरण ने बताया कि यह गिरोह शादी का झांसा देकर भोले-भाले लोगों को अपने जाल में फंसाता था। पहले दलाल के माध्यम से शादी का प्रस्ताव रखा जाता, फिर महिला आरोपी दुल्हन बनकर शादी करती थी। शादी के बाद रात के समय दुल्हन घर में रखे नकद रुपए, गहने और कीमती सामान लेकर फरार हो जाती थी। ठगी की राशि गिरोह के सदस्य सन्नी, प्रवीण, विक्रम दास आदि में बांट ली जाती थी। इस गैंग ने गत वर्ष पीड़ित अखिलेश शर्मा के साथ इसी प्रकार की धोखाधड़ी की थी। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी विक्रम वैष्णव और उसके साथियों ने शादी करवाने के नाम पर उससे 2.10 लाख रुपए लिए। 30 जून 2025 को दिल्ली के एक मंदिर में सुनियोजित तरीके से शादी करवाई गई। शादी के कुछ समय बाद ही दुल्हन नकदी और गहने लेकर फरार हो गई। गिरोह को पकड़ने के लिए पुलिस टीम ने दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और गुजरात सहित कई राज्यों में दबिश दी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आखिरकार गिरोह का पर्दाफाश हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने संगठित तरीके से ठगी करने का पूरा तरीका कबूल कर लिया है।

## पहाड़ी पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**बेधड़क | जयपुर**

नींदड़ की पहाड़ी पर रविवार सुबह एक युवक का शव पेड़ से फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान हरमाड़ा के लोहामंडी निवासी विजेंद्र (31) पुत्र पूरण सैनी के रूप में हुई है। हरमाड़ा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए और शव को कांवटिया अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि विजेंद्र शनिवार सुबह बिना किसी को बताए घर से निकल गया था। परिजन पूरे दिन उसकी तलाश में जुटे रहे। रविवार सुबह करीब 7 बजे नींदड़ की पहाड़ी पर सुनसान जगह एक पेड़ से उसका शव फंदे में लटका मिला। थाना प्रभारी उदय यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि विजेंद्र ने करीब 15 दिन पहले नाराज होकर अपना मोबाइल फोन जमीन पर फेंककर तोड़ दिया था। शनिवार सुबह भी परिजनों के पूछने पर वह कुछ नहीं बोला और चुपके से घर से निकल गया। माना जा रहा है कि वह देर शाम पहाड़ी पर पहुंचा और वहां रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

# लू से बचाव के लिए तैयार 'कूलिंग स्टेशन'

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश की झुलसाती गर्मी के बीच आमजन और यात्रियों को राहत देने के लिए मानसरोवर स्थित वीटी रोड पर एक अभिनव पहल की शुरुआत की गई है। महिला हाउसिंग ट्रस्ट ने नगर निगम और IIFL के सहयोग से जयपुर के प्रमुख बस स्टैंड्स पर आधुनिक 'कूलिंग स्टेशन' स्थापित किए हैं। ये शीतल केंद्र खासतौर पर उन लोगों के लिए राहत का केंद्र बनकर उभरे हैं, जो तेज धूप और लू में बसों का इंतजार करते हैं। महिला हाउसिंग ट्रस्ट की प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर रचना शर्मा ने बताया कि इन कूलिंग स्टेशनों को पर्यावरण के अनुकूल तकनीक से तैयार किया गया है। विशेष पैनलों से बनी दीवारें, छत और फर्श बाहरी गर्मी को अंदर आने से रोकते हैं। अंदर फॉगिंग और बाहर मिस्टिंग सिस्टम लगाया गया है, जबकि खस के पर्दों को गीला रखकर प्राकृतिक ठंडक बनाई जाती है। सौर ऊर्जा से संचालित ये केंद्र बिजली की बचत के साथ टिकाऊ समाधान भी प्रदान करते हैं। हर स्टेशन पर 25 से 27 लोगों के बैठने की व्यवस्था है और यात्रियों के लिए ठंडे पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। यह पहल विशेष रूप से मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है, जिनके पास निजी एसी जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।



### पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुई शुरुआत

जयपुर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुई इस योजना की सफलता के बाद राज्य सरकार और डायरेक्टरेट ऑफ लोकल बॉडीज (DLB) ने इसे सराहा है। अब बजट में हर जिले में कूलिंग शेल्टर बनाने का प्रावधान किया गया है। शहर में एक कूलिंग स्टेशन तैयार हो चुका है और अब निगम अधिक तापमान वाले क्षेत्रों में ऐसे स्टेशन बनाने की तैयारी कर रहा है।

**मुहाना में सफेदा-सिंदूरी की शुरुआत**

# मंडी में आम की आवक शुरू, दाम 'आम' आदमी से दूर

**बेधड़क | जयपुर**

गर्मी की शुरुआत के साथ ही गुलाबी नगरी में आमों का सीजन भी दस्तक दे चुका है। मुहाना मंडी में देश के विभिन्न हिस्सों से आमों की आवक शुरू हो गई है। हालांकि इस बार फसल करीब एक माह देरी से बाजार में पहुंची है, जिससे शुरुआती दौर में दाम ऊंचे बने हुए हैं।

फिलहाल मंडी में कर्नाटक के बेंगलुरु से आने वाला सिंदूरी आम करीब 200 रुपए प्रति किलो बिक रहा है, वहीं महाराष्ट्र के रत्नागिरी और देवगढ़ से आने वाला हापुस (अल्फांसो) आम एक दर्जन की पैकिंग में करीब 1800 रुपए तक पहुंच गया है, यानी एक आम की कीमत लगभग 150 रुपए पड़ रही है। तेलंगाना से सफेदा आम की आवक भी शुरू हो चुकी है। जयपुर फल एवं सब्जी थोक विक्रेता संघ, मुहाना मंडी के अध्यक्ष योगेश तंवर ने बताया कि मार्च से जुलाई तक चलने वाले इस सीजन में पीक समय पर मंडी में आमों की भरमार रहती है। फिलहाल आवक सीमित होने से कीमतें अधिक हैं, लेकिन अप्रैल के बाद सप्लाई बढ़ने पर दामों में कमी आने की उम्मीद है।





### लोकप्रिय वैरायटी और खपत

- **लोकप्रिय आम:** हापुस, केसर, लंगड़ा, दशहरी, सफेदा
- **सबसे ज्यादा खपत:** सफेदा, दशहरी, लंगड़ा, केसर, हापुस

### कब-कब आते हैं, कौन से आम

- **मार्च:** सफेदा (तेलंगाना), हापुस (महाराष्ट्र)
- **अप्रैल:** केसर, लंगड़ा, दशहरी (गुजरात)
- **मई:** दशहरी, लंगड़ा (यूपी)
- **जून–अगस्त:** चौसा, दशहरी, लंगड़ा (मलीहाबाद, सहारनपुर, शामली)

### मौजूदा भाव (प्रति किलो)

- सिंदूरी: ₹200
- हापुस: ₹150 प्रति नग (लगभग)
- केसर: ₹100
- सफेदा: ₹50-60
- दशहरी/लंगड़ा: ₹50

### पीक समय में आवक और सप्लाई

- **सफेदा:** 1300-1500 गाड़ियां (25 टन प्रति गाड़ी)
- **दशहरी/लंगड़ा:** 1500 गाड़ियां
- **हापुस:** 200-250 गाड़ियां (10 टन प्रति गाड़ी)
- **केसर:** 100-120 गाड़ियां

खास बात यह है कि स्थानीय 'देसी आम' मुहाना मंडी में कम ही दिखाई देते हैं, क्योंकि वे उत्पादन क्षेत्र में ही खप जाते हैं। आने वाले दिनों में जैसे-जैसे आवक बढ़ेगी, आम की मिठास के साथ कीमतों में भी नरमी आने की उम्मीद है।

## अनियंत्रित थार ने पांच गाड़ियों को मारी टक्कर, दो घायल



**बेधड़क | जयपुर**

जवाहर सर्किल थाना इलाके के गिरधर मार्ग पर रविवार रात करीब 8 बजे अनियंत्रित थार ने एक के बाद एक पांच गाड़ियों को टक्कर मार दी। घटना में दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिस और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार थार का चालक गिरिराज (25) निवासी बरौंनी, टोंक नशे में था। वह गांव से थार लेकर जयपुर घूमने आया था। तेज रफ्तार में वह गिरधर मार्ग पर चार से पांच गाड़ियों से टकराया और अंत में थार, कार से टकराकर रुक गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गिरिराज को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया। घायल लोगों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### क्या फिर चलेगा 2008 वाला जादू?

# पराग को कमान... जडेजा की घर वापसी, क्या बदल जाएगी राजस्थान रॉयल्स की किस्मत?



सिद्धार्थ महान
खेल समीक्षक



> कभी-कभी, ऐसी चीजें टीम के खेल में भी दिखती हैं ड्रेसिंग रूम के माहौल में, खिलाड़ियों के आत्मविश्वास में, और मुश्किल वक्त में लिए गए फैसलों में। तो क्या जडेजा फिर से वही जादू लेकर आएंगे? इसका जवाब अभी किसी के पास नहीं है। अगर इस टीम को देखें, तो उसमें क्षमता है। लेकिन फिर भी कुछ कमी महसूस होती है, शायद स्पष्टता की। अगर बाकी टीमों की बात करें, तो चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस जैसी टीमें ज्यादा संतुलित दिखती हैं। उनके पास अनुभव है, स्थिरता है और एक तय ढांचा है। राजस्थान के पास वो सब अभी नहीं है। लेकिन यही उनकी ताकत भी बन सकती है। आईपीएल में कई बार वो टीम जीतती है, जो सीजन के दौरान खुद को समझ लेती है, जो शुरुआत में भले अस्थिर हो, लेकिन अंत तक सबसे खतरनाक बन जाए।

आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है। हर साल की तरह इस बार भी स्टेडियम खचाखच भरेंगे, टीवी स्क्रीन पर शोर गूंजेगा और हर मैच अपने साथ एक नई कहानी लेकर आएगा। लेकिन जरा ठहरकर! अगर इस पूरे दृश्य को ध्यान से देखें, तो एक टीम ऐसी है जिसकी कहानी बाकी सब से अलग नजर आती है। और वो टीम है राजस्थान रॉयल्स।

ये सीजन उनके लिए सिर्फ क्रिकेट के लिहाज से अहम नहीं है। बात उससे थोड़ी आगे की है। ये एक बदलाव का दौर है, एक नई शुरुआत है और सच कहें तो कहीं न कहीं एक अधूरी कहानी को फिर से लिखने की कोशिश भी। अभी तक टूर्नामेंट का शेड्यूल सिर्फ 12 अप्रैल तक ही सामने आया है, जिससे शुरुआती हफ्तों में हल्की-सी अनिश्चितता बनी हुई है। लेकिन राजस्थान रॉयल्स के लिए असली अनिश्चितता बाहर नहीं, भीतर है, टीम के संयोजन में, नेतृत्व में, और उस दिशा में जिसमें वो आगे बढ़ना चाहते हैं।

संजू सैमसन का राजस्थान रॉयल्स से जाना, पहली नजर में बस एक ट्रांसफर जैसा लग सकता है। कागज पर ये एक सामान्य बदलाव दिखता है। लेकिन सच में देखें, तो कहानी इतनी सीधी नहीं है, ये उससे कहीं ज्यादा गहरी है। सालों तक सैमसन इस टीम का चेहरा रहे। जब टीम लड़खड़ा रही थी, तब भी वही खड़े थे। जब उम्मीद की कोई किरण दिखती थी, तो वो भी अक्सर उन्हीं से जुड़ी होती थी। एक तरह से कहें तो राजस्थान की पहचान ही सैमसन के इर्द-गिर्द बन गई थी। कप्तान के तौर पर उन्होंने सिर्फ मैच नहीं संभाले, उन्होंने इस टीम को एक ठहराव दिया, एक दिशा दी।

> संजू सैमसन का राजस्थान रॉयल्स से जाना, पहली नजर में बस एक ट्रांसफर जैसा लग सकता है। कागज पर ये एक सामान्य बदलाव दिखता है। लेकिन सच में देखें, तो कहानी इतनी सीधी नहीं है, ये उससे कहीं ज्यादा गहरी है।

और अब, ठीक उसी समय जब वो टी20 विश्व कप में भारत के लिए एक बड़े खिलाड़ी के रूप में उभरकर सामने आए, उनका चेन्नई सुपर किंग्स में जाना थोड़ा अलग सा महसूस होता है। जैसे कोई कहानी अपने सबसे दिलचस्प मोड़ पर ही दिशा बदल ले। अब इस खाली जगह को भरने की जिम्मेदारी रियान पराग के कंधों पर है। सिर्फ 24 साल की उम्र में कप्तानी ये अपने आप में एक बड़ा बयान है। पिछले कुछ सालों में पराग ने खुद को एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में ढाला है जो आज के टी20 क्रिकेट की सोच को रिप्रेजेंट करता है, आत्मविश्वासी और जरूरत के हिसाब से खुद को बदल लेने वाला।

लेकिन कप्तानी सिर्फ टैलेंट का खेल नहीं है। प्रतिभा तो इस स्तर पर हर खिलाड़ी के पास होती है। असली फर्क बनता है फैसलों से कब क्या करना है, किस पर भरोसा करना है, और कब पीछे हटना है। और सबसे अहम, दबाव में खुद को कैसे संभालना है। क्योंकि टॉप लेवल क्रिकेट में प्रेशर झेलना ही असली परीक्षा है।

पराग ने अपने शुरुआती बयान में कहा है कि वो खिलाड़ियों को आजादी देना चाहते हैं, खुद भी टीम के लिए हर भूमिका निभाने को तैयार हैं। सुनने में ये सब सही लगता है, और आज के टी20 माहौल के हिसाब से फिट भी बैठता है। लेकिन असली कहानी मैदान पर लिखी जाएगी। क्योंकि आईपीएल में हर छोटी गलती तुरंत दिखती है और उसे सुधारने का वक्त? वो बहुत कम मिलता है। टूर्नामेंट इतनी तेज रफ्तार से आगे बढ़ता है कि आपको चलते-चलते ही सीखना पड़ता है। राजस्थान की मुश्किलें यहीं खत्म नहीं होतीं। सच कहें तो कहानी यहीं से थोड़ी और पेचीदा हो जाती है। सैम करन का शुरुआती मुकाबलों में बाहर रहना टीम के संतुलन को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। वो उन खिलाड़ियों में से हैं जिनके लिए अलग से भूमिका तय करने की जरूरत नहीं पड़ती, जहां जरूरत हो, वहीं फिट हो जाते हैं। बल्लेबाजी में काम आ सकते हैं, गेंद से ओवर निकाल सकते हैं और फील्डिंग तो खैर उनकी हमेशा ही तेज और असरदार रहती है। और सिर्फ राजस्थान ही इस परेशानी से नहीं जूझ रहा। इस बार का आईपीएल थोड़ा अलग है, कई टीमें चोटों से जूझती हुई नजर आ रही हैं। कुछ तेज गेंदबाज अभी पूरी तरह फिट नहीं हैं, कुछ विदेशी खिलाड़ी शुरुआती मैच मिस करेंगे। यानी शुरुआत से ही सभी टीमों के पास अपनी बेस्ट प्लेइंग इलेवन नहीं होगी। लेकिन यहां फर्क आता है। कुछ टीमें ऐसी होती हैं जो इन हालात से जल्दी एडजस्ट कर लेती हैं, बेंच स्ट्रेंथ, अनुभव, और थोड़ी किस्मत भी साथ दे देती है। और कुछ टीमें शुरुआत में ही लय खो बैठती हैं। फिलहाल, राजस्थान दूसरी श्रेणी में दिखती है। उन्हें अपनी रफ्तार पकड़ने में थोड़ा वक्त लग सकता है। पर इस पूरी कहानी का सबसे दिलचस्प हिस्सा और शायद सबसे भावनात्मक भी रवींद्र जडेजा की वापसी है। जरा 2008 की तरफ लौटिए। पहला आईपीएल, और एक टीम जिसने सबको चौंका दिया था, राजस्थान रॉयल्स। शेन वॉर्न की कप्तानी, बिना बड़े सुपरस्टार्स के, लेकिन एक साफ सोच और बेखौफ क्रिकेट और उसी टीम का हिस्सा थे एक युवा जडेजा। अब, इतने सालों बाद, वही जडेजा फिर उसी फ्रेंचाइजी में लौटे हैं, लेकिन इस बार कहानी अलग है।

अब वो सिर्फ एक युवा प्रतिभा नहीं हैं, बल्कि एक पूरी तरह से परिपक्व खिलाड़ी हैं। उनके खेल में अब ठहराव है, समझ है, और सबसे बड़ी बात बड़े मैचों का अनुभव है। उनकी मौजूदगी टीम को संतुलन देती है, ये तो साफ है। लेकिन इसके अलावा भी कुछ है जिसे आंकड़ों में नहीं मापा जा सकता एक जुड़ाव, एक याद।

कभी-कभी, ऐसी चीजें टीम के खेल में भी दिखती हैं ड्रेसिंग रूम के माहौल में, खिलाड़ियों के आत्मविश्वास में, और मुश्किल वक्त में लिए गए फैसलों में। तो क्या जडेजा फिर से वही जादू लेकर आएंगे? इसका जवाब अभी किसी के पास नहीं है। अगर इस टीम को देखें, तो उसमें क्षमता है। लेकिन फिर भी कुछ कमी महसूस होती है, शायद स्पष्टता की।

अगर बाकी टीमों की बात करें, तो चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस जैसी टीमें ज्यादा संतुलित दिखती हैं। उनके पास अनुभव है, स्थिरता है और एक तय ढांचा है। राजस्थान के पास वो सब अभी नहीं है। लेकिन यही उनकी ताकत भी बन सकती है। आईपीएल में कई बार वो टीम जीतती है, जो सीजन के दौरान खुद को समझ लेती है, जो शुरुआत में भले अस्थिर हो, लेकिन अंत तक सबसे खतरनाक बन जाए। आज का टी20 क्रिकेट पहले जैसा नहीं रहा। अब हर खिलाड़ी की एक तय भूमिका होती है। बल्लेबाजी में अलग-अलग चरण, गेंदबाजी में अलग-अलग रणनीति पावरप्ले, मिडिल ओवर्स, डेथ हर हिस्से का अपना महत्व है। इसी वजह से ऑलराउंडर खिलाड़ियों की अहमियत बढ़ गई है। हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी टीम का संतुलन बनाते हैं। जडेजा भी उसी श्रेणी में आते हैं, जहां वो सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि एक रणनीति बन जाते हैं। राजस्थान इसी दिशा में अपनी टीम तैयार करता दिख रहा है। तो सवाल ये नहीं है कि राजस्थान रॉयल्स इस सीजन में कागज पर कितनी मजबूत दिखती है। आंकड़ों और नामों से आगे भी एक सच्चाई होती है और असल सवाल वहीं से शुरू होता है।

क्या ये टीम खुद को फिर से गढ़ सकती है? क्या ये बदलाव को अपने हक में मोड़ सकती है? क्योंकि अगर जवाब 'हां' हुआ, तो फिर ये सिर्फ एक और आईपीएल सीजन नहीं रहेगा। ये एक सफर बन जाएगा थोड़ा अनिश्चित, थोड़ा भावनात्मक, और एक ऐसी कहानी, जिसे लोग सिर्फ नतीजों के लिए नहीं, बल्कि उसके अहसास के लिए याद रखेंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### सामयिक

## भारतीय जन-मन को आहत करता साहित्य



इंदुशेखर तत्पुरुष
पूर्व अध्यक्ष, साहित्य अकादमी

चर्चित फिल्म कश्मीर फाइल्स में जेएनयू की प्रोफेसर राधिका मेनन का किरदार निभाने वाली पल्लवी जोशी का एक संवाद इन दिनों फिर चर्चा में है। 'सरकार चाहे किसी की भी हो, सिस्टम तो हमारा है' यह कथन उन लोगों की मानसिकता को दर्शाता है जो भारत को खंडित रूप में देखने की इच्छा रखते हैं। आज के साहित्यिक परिदृश्य में हाल की कुछ घटनाएं इस संवाद को फिर प्रासंगिक बनाती प्रतीत होती हैं। हाल ही में दो साहित्यिक पुरस्कारों को लेकर देशभर में बहस छिड़ी है। पहली घटना है तमिल गीतकार आर. वैरमुथु को वर्ष 2025 का ज्ञानपीठ पुरस्कार देने की घोषणा। ज्ञानपीठ को देश का सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान माना जाता है। वैरमुथु ने हजारों गीत लिखे हैं और उन्हें पद्मश्री व पद्मभूषण जैसे सम्मान भी मिले हैं। किन्तु उनके नाम की घोषणा के साथ ही उनके व्यक्तित्व को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए। 2018 के 'मी टू' आंदोलन के दौरान उन पर कई महिलाओं, जिनमें प्रसिद्ध गायिका चिन्मयी श्रीपदा भी शामिल हैं, ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इसके अलावा उन पर हिंदू आस्था के प्रतीकों और संत परंपरा के प्रति अपमानजनक टिप्पणियां करने के आरोप भी लगते रहे हैं। ऐसे में प्रश्न उठता है कि क्या किसी लेखक के व्यक्तिगत आचरण को नजरअंदाज कर केवल उसकी रचनात्मकता के आधार पर उसे सर्वोच्च सम्मान दिया जाना उचित है? क्या साहित्य और नैतिकता को पूरी तरह अलग किया जा सकता है? प्रख्यात लेखक आनन्द नीलकण्ठन ने इस निर्णय पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि एक फिल्म गीतकार को सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान देना 'सभ्यतागत चूक' है। उनका तर्क है कि क्या हम साहित्यिक स्थायित्व के स्थान पर केवल लोकप्रियता और सिनेमाई प्रभाव को महत्व देने लगे हैं? यह सवाल केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि व्यापक साहित्यिक विवेक से जुड़ा हुआ है। दूसरी घटना साहित्य अकादमी के हिंदी पुरस्कार से संबंधित है, जो ममता कालिया की पुस्तक 'जीते जी इलाहाबाद' को दिए जाने की घोषणा से जुड़ी है। ममता कालिया निस्संदेह वरिष्ठ और सम्मानित लेखिका हैं, किन्तु आलोचकों का मानना है कि यह कृति अन्य प्रतिस्पर्धी रचनाओं की तुलना में उतनी विशिष्ट नहीं थी कि उसे सर्वश्रेष्ठ घोषित किया जाए। आलोचना का केंद्र केवल चयन नहीं, बल्कि चयन प्रक्रिया भी है। अक्सर यह आरोप लगता रहा है कि साहित्यिक संस्थाओं में पारदर्शिता का अभाव है और निर्णयों पर व्यक्तिगत संबंधों, समूहवाद या प्रकाशन संस्थानों के प्रभाव का असर पड़ता है। परिणामस्वरूप कई उत्कृष्ट कृतियां अंतिम चरण तक पहुंचकर भी सम्मान से वंचित रह जाती हैं। इसी संदर्भ में कुछ आलोचकों ने यह भी प्रश्न उठाया कि जब अन्य महत्वपूर्ण कृतियां मौजूद थीं, तो अपेक्षाकृत साधारण मानी जा रही रचना को क्यों चुना गया। इससे यह धारणा बल पकड़ती है कि साहित्यिक पुरस्कारों का वितरण निष्पक्षता के बजाय प्रभाव और नेटवर्क पर आधारित हो सकता है। एक अन्य विवाद पुस्तक के शीर्षक को लेकर भी सामने आया। 'जीते जी इलाहाबाद' नाम को कुछ लोग उस ऐतिहासिक परिवर्तन के संदर्भ में देखते हैं, जब इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज किया गया था। उनके अनुसार, यह शीर्षक एक विशेष वैचारिक आग्रह या विरोध का संकेत देता है। इन दोनों घटनाओं ने एक व्यापक प्रश्न खड़ा किया है, क्या हमारे साहित्यिक पुरस्कार वास्तव में उत्कृष्टता को सम्मानित कर रहे हैं, या वे किसी विशेष विचारधारा, समूह या प्रवृत्ति के प्रभाव में निर्णय ले रहे हैं? यह भी देखा गया है कि समय-समय पर ऐसी कृतियां सम्मानित होती हैं, जिन पर यह आरोप लगता है कि वे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं या आस्थाओं के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। इससे समाज के एक वर्ग में असंतोष उत्पन्न होता है और साहित्य की भूमिका पर ही प्रश्नचिह्न लग जाता है। निस्संदेह, साहित्य का कार्य केवल परंपराओं का समर्थन करना नहीं, बल्कि प्रश्न उठाना और विमर्श को आगे बढ़ाना भी है। किन्तु जब यह प्रक्रिया समाज की भावनाओं को आहत करने वाली प्रतीत होती है, तब संतुलन आवश्यक हो जाता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि साहित्यिक संस्थाएं अपनी चयन प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाएं। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पुरस्कार केवल लोकप्रियता या प्रभाव के आधार पर नहीं, बल्कि वास्तविक साहित्यिक गुणवत्ता और व्यापक सामाजिक उत्तरदायित्व को ध्यान में रखकर दिए जाएं। समय आ गया है कि साहित्य, समाज और संस्थाएं मिलकर इस विषय पर गंभीरता से विचार करें, ताकि साहित्य अपने मूल उद्देश्य समाज को जोड़ने, संवेदनशील बनाने और दिशा देने को सार्थक रूप से निभा सके।

### नॉलेज कॉर्नर: प्राचीन यूनान और रोम में आकाशीय बिजली की मान्यताएं

# जब आसमान से गिरती थी देवताओं की बिजली


आकाशीय बिजली आज भी एक रहस्यमयी और शक्तिशाली प्राकृतिक घटना लगती है, लेकिन प्राचीन समय में इसे केवल प्राकृतिक घटना नहीं माना जाता था। प्राचीन यूनान और प्राचीन रोम के लोग इसे सीधे देवताओं की शक्ति और इच्छा से जोड़कर देखते थे। प्राचीन यूनानी और रोमन मान्यताओं में बिजली को देवताओं के राजा ज्यूस (रोम में ज्यूपिटर) का सबसे शक्तिशाली हथियार माना जाता था। जब भी आकाश में बिजली कड़कती थी, तो इसे उनके क्रोध या शक्ति का प्रदर्शन समझा जाता था। लगभग 700 ईसा पूर्व के कवि हेसियोड ने अपने ग्रंथों में वर्णन किया है कि ज्यूस अपने शत्रुओं पर बिजली गिराकर उन्हें नष्ट करते थे। मिथकों के अनुसार, उन्होंने कई बार मनुष्यों को भी दंड देने के लिए वज्रपात किया।

### दंड और संकेत

रोमन समाज में भी बिजली को देवताओं का संदेश माना जाता था। यदि किसी व्यक्ति या स्थान पर बिजली गिरती, तो उसे देवताओं की नाराजगी का संकेत समझा जाता था। उदाहरण के लिए, रोमन जनरल पोम्पी के पिता की मृत्यु बिजली गिरने से हुई थी। इतिहासकार प्लूटार्क के अनुसार, कई लोगों ने इसे देवताओं द्वारा दिया गया दंड माना, क्योंकि वे जनरल अलोकप्रिय थे।

### वरदान भी माना गया

हर बार बिजली को बुरा संकेत नहीं माना जाता था। कुछ अवसरों पर इसे देवताओं का आशीर्वाद भी समझा जाता था। रोमन सम्राट मार्कस ऑरेलियस के एक सैन्य अभियान के दौरान बिजली गिरने से दुश्मन तितर-बितर हो गए थे। इस घटना के बाद उनकी सेना को 'थंडरिंग लीजन' कहा जाने लगा। जहां भी बिजली गिरती थी, वहां रोमन लोग विशेष धार्मिक अनुष्ठान करते थे। इस प्रक्रिया को 'बिडेंटल अनुष्ठान' कहा जाता था।



### वैज्ञानिक सोच की शुरुआत

हालांकि सभी लोग इन मान्यताओं से सहमत नहीं थे। कुछ प्राचीन विचारकों ने बिजली के पीछे प्राकृतिक कारण खोजने की कोशिश की। यूनानी दार्शनिक सुकरात का उल्लेख अरिस्टोफेनीज के नाटक 'द क्लाउड्स' में मिलता है, जहां वे कहते हैं कि बिजली देवताओं का कार्य नहीं, बल्कि हवा और बादलों की हलचल का परिणाम है। इसी तरह रोमन दार्शनिक सेनेका का मानना था कि बादलों के टकराने से बिजली उत्पन्न होती है- हल्के टकराव से चमक और तेज टकराव से वज्रपात। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इसमें देवताओं की कोई भूमिका नहीं है। इसमें उस स्थान को पवित्र घोषित कर दिया जाता था और आम लोगों के लिए वहां जाना या देखना भी वर्जित माना जाता था। यह परंपरा इतनी गहरी थी कि ईसाई धर्म का समर्थन करने वाले सम्राट कॉन्स्टेंटाइन ने भी कुछ अवसरों पर पारंपरिक अनुष्ठान करवाए।

**देवताओं का अस्त्र और संदेश**

*प्राचीन यूनान और रोम में आकाशीय बिजली को लेकर दो तरह की सोच मौजूद थी। एक ओर इसे देवताओं का अस्त्र और संदेश माना जाता था, वहीं दूसरी ओर कुछ विचारकों ने इसके वैज्ञानिक कारण खोजने की कोशिश की। यही द्वंद्व आगे चलकर प्राकृतिक विज्ञान के विकास की नींव बना।*

कंटेंट: रघुवीर जांगिड़



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi

अदम्य साहस और आध्यात्मिक शक्ति की प्रतीक मां कूष्मांडा का चरण-वंदन! उनकी दिव्य ऊर्जा से हर हृदय में नवचेतना जागृत हो।

सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदाऽस्तु मे॥

**अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री
@AmitShah



समृद्ध संस्कृति, परंपराओं व अनूठी कलाओं के लिए प्रसिद्ध बिहार ने सदैव देश को सामाजिक न्याय व बौद्धिक चेतना का मार्ग दिखाया है। नालंदा और विक्रमशिला की गौरवशाली ज्ञान परंपरा से लेकर स्वतंत्रता संग्राम और आपातकाल तक, बिहार ने हर दौर में भारत निर्माण में अमूल्य योगदान दिया है। आज बिहार अपनी विशाल धरोहरों और परंपराओं को सहेजकर प्रगति व उन्नति का नया कीर्तिमान बना रहा है। बिहार के सभी बहनों-भाइयों को बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**लेखकों से आग्रह है...**

वे 'सच बेधड़क' में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।

### शिव महापुराण कथा में सपत्नीक पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, बोले-

# कथा शिव व शक्ति के संगम का प्रतीक

**बेधड़क** | जयपुर

मानसरोवर के वीटी रोड ग्राउंड पर रविवार को शिव महापुराण कथा एवं महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने प्रवचनों में आस्था, जीवन मूल्यों और समाज की वर्तमान स्थिति पर कई महत्वपूर्ण बातें कही। उन्होंने कहा कि धन से व्यक्ति को सुविधाएं तो मिल सकती हैं, लेकिन जीवन का आधार यानी सांस नहीं खरीदी जा सकती। उदाहरण देते हुए कहा कि कोरोना काल में लोगों के पास संसाधन होने के बावजूद जीवन और मृत्यु के बीच कोई गारंटी नहीं थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि जीवन पर अंतिम नियंत्रण परमात्मा का ही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी शिव महापुराण कथा एवं महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ में सपत्नीक भाग लिया। उन्होंने कथा का श्रवण कर भगवान शिव की आरती उतारी और प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति में कथा, उत्सव और परंपराएं समाज को सशक्त बनाने का कार्य करती हैं। नवरात्र और नववर्ष के अवसर पर आयोजित यह कथा शिव और शक्ति के संगम का प्रतीक है, जिससे आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां दुर्गा की आराधना शक्ति प्रदान करती है, जबकि शिव महापुराण कथा मन को शांति और मोक्ष की दिशा देती है। उन्होंने भगवान शिव को मृत्युंजय बताते हुए कहा कि उनकी आराधना से जीवन में संयम, साधना और संतुलन आता है। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में अयोध्या, काशी और उज्जैन जैसे तीर्थ स्थलों का विकास सनातन संस्कृति को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है।


*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सपत्नीक भगवान शिव की आरती करते हुए।*


*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सपत्नीक भगवान शिव का अभिषेक करते हुए।*

### जन्म, मृत्यु और विवाह- ये सभी ईश्वर के अधीन

पं. मिश्रा ने बताया कि जन्म, मृत्यु और विवाह जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का ज्ञान मानव के बस में नहीं है और ये सभी ईश्वर के अधीन माने जाते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपनी श्रद्धा को सही दिशा में लगाएं और अनावश्यक रूप से भविष्य जानने के दावों पर विश्वास न करें। उन्होंने कहा कि कथा में केवल भीड़ बढ़ाने के उद्देश्य से नहीं आना चाहिए, बल्कि श्रद्धा और शांति के भाव से उपस्थित होना चाहिए, ताकि आयोजन की गरिमा बनी रहे। पं. मिश्रा ने समाज में बढ़ते दिखावे और परंपराओं के बदलते स्वरूप पर भी चिंता व्यक्त की।

### गौड़ ब्राह्मण महासभा का युवक-युवती परिचय सम्मेलन

# 85 जोड़ों ने चुना जीवनसाथी, सामूहिक विवाह मई महीने में



**बेधड़क** | जयपुर

गौड़ ब्राह्मण महासभा, राजस्थान की ओर से विद्याधर नगर स्थित परशुराम भवन में रविवार को आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 20 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। इसमें 85 जोड़ों का चयन हुआ। इनमें एक जोड़ा अमेरिका निवासी युवक-युवती भी शामिल हैं।

युवा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट पंकज पचलंगिया ने बताया कि यह परिचय सम्मेलन पिछले 19 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। अब तक इस पहल के माध्यम से 50 हजार से अधिक परिवारों को लाभ मिल चुका है।

इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेश में रह रहे समाज बंधु भी वर्चुअल माध्यम से जुड़ते हैं। प्रदेश अध्यक्ष विजय हरितवाल ने बताया कि इस बार भी चेन्नई, हैदराबाद, गुवाहाटी, दीमापुर, मिजोरम, दिल्ली, इंदौर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर सहित कई स्थानों से समाज के लोगों ने सहभागिता की। आयोजकों ने बताया कि आगामी मई माह में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिससे समाज को और भी लाभ मिलेगा।

#### समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की बात: गोपाल शर्मा

कार्यक्रम के दौरान परिचय सम्मेलन की पुस्तिका 'युगल दर्पण' का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद एवं पूर्व शिक्षा मंत्री घनश्याम तिवाड़ी, पूर्व शिक्षा मंत्री बृज किशोर शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। वक्ताओं ने समाज की एकता, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक उत्थान पर जोर दिया। विधायक गोपाल शर्मा ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की बात कही।


## आज का पंचांग

- **शुभ वि. सं. :** 2083
- **हिजरी सन:** 1447
- **ऋतु:** बसंत ऋतु
- **संवत्सर का नाम:** रौद्र
- **मास:** चैत्र
- **पक्ष:** शुक्ल पक्ष
- **शाके संवत:** 1948
- **अयन:** सूर्य उत्तरायण

### आज का दिन

**सोमवार, 23 मार्च, 2026**

**सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति**




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज अमृत का चौघड़िया सुबह 06.32 से 08.02 बजे तक है। बाद में शुभ का सुबह 09.33 से 11.03 बजे तक, फिर चर का दोपहर 02.04 से 03.34 बजे तक, फिर लाभ-अमृत का 03.34 से 06.35 बजे तक है। इनमें शुभ कार्य कर सकते हैं।

**अभिजीत:** 12.03 से 12.52 बजे तक।

**तिथि:** पंचमी तिथि शाम 06.39 बजे तक रहेगी। इसके बाद में षष्ठी तिथि शुरू होगी।

**दिशाशूल:** पूर्व दिशा में रहेगा।

**चंद्रमा:** आज चंद्रमा वृष राशि में संचार करेगा।

**राहु काल:** आज सुबह 07.30 से 09.00 बजे तक रहेगा।

**नक्षत्र:** कृतिका रात 08.50 बजे तक, फिर रोहिणी नक्षत्र रहेगा।

**योग:** विष्कुंभ दोपहर 12.22 बजे तक, बाद में प्रीति, आयुष्मान योग रहेगा।

### शुभाशुभ ज्ञान

श्री पंचमी, लक्ष्मी पंचमी, कल्पादि, मेवाड़ उत्सव पूर्ण उदयपुर (राज.), गुरु हरगोविंद पुण्य दिवस (प्रा. मत से)। **-पं. अवधेश शर्मा**

## शहर में आज

- चित्रकूट कॉलोनी सांगानेर के कंवर का बाग में सर्वतोभद्र महामंडल विधान में पूजा-अर्चना सुबह 9 बजे।
- गलता गेट स्थित गीता गायत्री मंदिर में नवरात्र महोत्सव में विशाल कन्या-बटुक पूजन सुबह 10 बजे।
- चांदपोल बाजार, मंदिर श्री रामचंद्रजी में राम जन्मोत्सव में सरस निकुंज की ओर से बधाई उत्सव शाम 6 बजे।

### नारायण सिंह बिष्ट अध्यक्ष निर्वाचित

**जयपुर।** पर्वतीय समाज जयपुर के चुनाव शनिवार को कुमाऊ भवन, गुर्जर की थड़ी के पास शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। चुनाव में नारायण सिंह बिष्ट अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। उन्होंने 258 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर 72 मतों से जीत दर्ज की। समाज के संरक्षक आनंद पांडे के अनुसार, महासचिव पद पर प्रकाश भट्ट और कोषाध्यक्ष पद पर विनोद सिंह रावत ने जीत दर्ज की। चुनाव प्रक्रिया में दो पैनलों के बीच मुकाबला देखने को मिला, जिसमें कुल 661 आजीवन सदस्यों ने मतदान किया।

### परंपरा की झलक: बूढ़ी गणगौर की निकली शाही सवारी

# तीज-त्योहारां बावड़ी... ले डूबी गणगौर थम गया अब उत्सवों का सिलसिला


*शाही लवाजमे के साथ निकली बूढ़ी गणगौर की सवारी।* **फोटो: पंकज शर्मा**

**बेधड़क** | जयपुर

बूढ़ी गणगौर के अवसर पर रविवार को पारंपरिक आस्था और उल्लास के साथ तीज-त्योहारों का समापन हो गया। सिटी पैलेस से बूढ़ी गणगौर की शाही सवारी निकली। तीज-त्योहारां बावड़ी... ले डूबी गणगौर की कहावत इस अवसर पर साकार होती दिखाई दी, जिसका अर्थ है कि सावन की तीज से शुरू हुआ उत्सव गणगौर के साथ समाप्त होता है।

शाही सवारी की शुरुआत सिटी पैलेस के जनाना ड्योढ़ी से हुई, जहां पूर्व राजपरिवार की महिलाओं ने बूढ़ी गणगौर की विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद गणगौर माता को चांदी की पालकी में विराजमान कर त्रिपोलिया गेट से सवारी निकाली।

# गोष्ठी में धर्म, दर्शन और आचरण पर हुआ चिंतन



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान जैन साहित्य परिषद की मासिक गोष्ठी रविवार को सांगानेर स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य विभक्त सागर महाराज और आर्यिका नंदीश्वर मति माताजी की उपस्थिति में हुई। गोष्ठी का विषय 'क्रिया-परिणाम-अभिप्राय' था। मुख्य वक्ता डॉ. भागचंद जैन ने बहुत ही आसान भाषा में समझाया कि हम जो भी कार्य करते हैं, उसका परिणाम कैसा होता है और हमारे मन का भाव कितना महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने अच्छे और बुरे कर्मों के फर्क को भी सरल उदाहरणों से बताया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद संतों का सम्मान किया गया और उन्होंने धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। मंदिर समिति और परिषद के सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के कई लोग उपस्थित रहे और सभी ने ध्यानपूर्वक गोष्ठी का लाभ लिया। जिनवाणी स्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# हज के लिए पहले दिन सैकड़ों ने ली ट्रेनिंग

**बेधड़क** | जयपुर



हज यात्रा की तैयारी को लेकर मस्जिद अजिजूल्ला, कांवटियों के खुर्रा के नीचे हज ट्रेनिंग कैम्प रविवार को आयोजित किया गया। कैम्प के पहले दिन हज जाने वाले 400 से अधिक पुरुष एवं महिलाओं ने भाग लिया और हज के विभिन्न अरकान की जानकारी प्राप्त की।

कैम्प की शुरुआत कारी मोहम्मद अरशद की ओर से कुरान की तिलावत और नातेपाक से कराई गई। हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी शाहिद मोहम्मद ने हज यात्रा के दौरान एयरपोर्ट की प्रक्रिया, यात्रा से जुड़ी आवश्यक तैयारियों और विमान में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं हाजी मोहम्मद परवेज (फरीदुद्दीन) ने मदीना मुनव्वरा में की जाने वाली इबादत, जियारतगाहों और एहराम बांधने की विधि को सरल तरीके से समझाया।

# श्रद्धालुओं ने दशांश हवन में दी आहुतियां

**बेधड़क** | जयपुर



चैत्र नवरात्र और हिंदू नव संवत्सर के अवसर पर शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, जप, दुर्गा सप्तशती पाठ और रामचरितमानस पारायण के आयोजन लगातार जारी हैं।

इसी क्रम में गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में श्रीराम-शक्ति गायत्री महायज्ञ एवं नवरात्र अनुष्ठान का आयोजन महंत अंजन कुमार गोस्वामी की उपस्थिति में हुआ। श्रद्धालुओं ने अपने मंत्र-जप के दशांश के अनुसार आहुतियां अर्पित करते हुए विधिवत दशांश हवन किया। शुरुआत वेदमाता गायत्री, भगवान गोविंद देवजी तथा प्रेरक संतों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। वेदमंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ में आहुतियां दी गई।

# शहीदों के बलिदान दिवस पर विशेष आयोजन आज

**बेधड़क** | जयपुर

देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की स्मृति में 23 मार्च को बलिदान दिवस का आयोजन किया जाएगा।



कार्यक्रम सुबह 10 से 12 बजे तक राजापार्क आर्य समाज में होगा। गौ सेवक रवि नैय्यर ने बताया कि आयोजन में देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। साथ ही ओजस्वी वक्ता आर्य नरेश की ओर से शहीदों के जीवन, उनके बलिदान और देशभक्ति की भावना पर प्रेरणादायक वक्तव्य प्रस्तुत किया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और समाज में देशप्रेम की भावना को जागृत करना है। आयोजकों ने बताया कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका बलिदान आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

इस अवसर पर शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शहीदों को श्रद्धा-सुमन अर्पित करने का आह्वान किया गया है।

### 1008 कलशों से हुआ भगवान महावीर स्वामी का महामस्तकाभिषेक

# 'कलशा डालो रे, नहवन करावो...' से झलकी आस्था

**बेधड़क** | जयपुर

शहर के गोपालजी का रास्ता स्थित 217 वर्ष प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को आस्था, भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। अवसर था भगवान महावीर स्वामी के महामस्तकाभिषेक का, जिसमें 1008 कलशों के माध्यम से श्रद्धालुओं ने भगवान का अभिषेक किया।

सुबह से ही मंदिर परिसर 'कलशा डालो रे, नहवन करावो त्रिशला के लाल को...' और 'महावीर की मूरत मनहारी' जैसे भजनों और जयकारों से गूंजता रहा। इस विशेष आयोजन में सैकड़ों पुरुष श्रद्धालु शुद्ध केसरिया वस्त्र पहनकर कतारबद्ध नजर आए। हाथों में जल से भरे कलश और चेहरे पर भक्ति का भाव लिए श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के बीच भगवान के चरणों में जल अर्पित किया। राजस्थान जैन सभा, जयपुर के तत्वावधान में यह आयोजन भगवान महावीर के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में किया गया। मंदिर में विराजमान संवत 1148 की प्राचीन खड़गासन प्रतिमा का 1008 कलशों से महामस्तकाभिषेक श्रद्धालुओं ने किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु जयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे।


*गोपालजी का रास्ता स्थित दिगंबर जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का महामस्तकाभिषेक करते श्रद्धालु।*

#### बिना सारथी की बैलगाड़ी में आई थी प्रतिमा, जहां रुकी वहीं किया स्थापित

कार्यक्रम के दौरान शांतिधारा, भजन संध्या और भक्ति नृत्य ने माहौल को और भी भावपूर्ण बना दिया। अंत में भगवान महावीर एवं पंच परमेष्ठी की महाआरती के साथ आयोजन का समापन हुआ। सभा के अध्यक्ष सुभाष चंद जैन एवं महामंत्री मनीष बैद ने बताया कि यह प्रतिमा बिना सारथी की बैलगाड़ी से स्वयं यहां पहुंची थी और तभी से यह स्थान आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। आमेर के एक पुराने मंदिर में दो जैन मूर्तियां मिलने की मान्यता प्रचलित है। इनके स्थान को लेकर जैन समाज में मतभेद हुआ, जिसके बाद निर्णय लिया गया कि दोनों मूर्तियों को अलग-अलग बिना सारथी की बैलगाड़ियों में रखा जाए और जहां बैलगाड़ी रुके, वहीं प्रतिमा स्थापित कर दी जाए। एक बैलगाड़ी भगवान नेमीनाथ की पद्मासन मूर्ति लेकर आमेर के बाहर स्थित चंद्रप्रभु मंदिर पर जाकर रुकी, जहां उसे स्थापित किया गया। दूसरी बैलगाड़ी में भगवान महावीर स्वामी की खड़गासन प्रतिमा थी, जो गोपालजी का रास्ता स्थित दिगंबर जैन मंदिर कालाडेरा के बाहर आकर रुक गई। बाद में यहीं प्रतिमा को विराजमान किया गया, जो आज भी श्रद्धा का केंद्र है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल आज चेन्नई के दौरे पर... चुनाव घोषणा पत्र होगा फाइनल

# तमिलनाडु में सीटों के बंटवारे को BJP आज दे सकती है अंतिम रूप

एजेंसी | तिरुनेलवेली (तमिलनाडु)

भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने रविवार को कहा कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल राज्य के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे की बातचीत को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को चेन्नई पहुंचेंगे। नागेंद्रन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गोयल के साथ उच्च स्तरीय चर्चा के बाद पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र और गठबंधन की विशिष्टताओं को स्पष्ट किया जाएगा। नागेंद्रन ने कहा कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के सोमवार को चेन्नई आने के बाद हम बातचीत करेंगे और सीट बंटवारे के विवरण की घोषणा करेंगे। भाजपा और सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के बीच बढ़ती जुबानी जंग के बीच उन्होंने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्वारा बार-बार दिल्ली को लेकर की जा रही टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए नागेंद्रन ने दावा किया कि भाजपा के बढ़ते प्रभाव को लेकर द्रमुक नेतृत्व 'डर से कांप रहा है'। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि मुख्यमंत्री 'दिल्ली' से इतना क्यों डरते हैं।

उन्होंने मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि मुख्यमंत्री को 'दिल्ली' को लेकर लगातार चिंतित रहने के बजाय मादक पदार्थों के प्रसार को रोकने और जन सुरक्षा में सुधार करने पर ध्यान देना चाहिए।



शिबपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रचार अभियान के दौरान एक महिला से बातचीत करते हुए लोग।

## असम: कांग्रेस ने सात प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की

नई दिल्ली। कांग्रेस ने असम विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को सात उम्मीदवारों की पांचवीं और अंतिम सूची जारी की। गोसाईगांव सीट से जोसेफ हसदा को, डोटमा (एसटी) से बिरखांग बोरो को, बिजनि से रजत कांति साहा और भेरगांव सीट से आंचुला ग्वारा दायमारी को प्रत्याशी बनाया गया है। कांग्रेस ने इसी के साथ 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए अपने 101 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। राज्य में कांग्रेस नीत गठबंधन में छह दल है और उसने 15 सीट सहयोगियों के लिए छोड़ी है।

## माकपा नेता स्मिता सुंदरेशन भाजपा में शामिल

तिरुवनंतपुरम। माकपा नेता स्मिता सुंदरेशन रविवार को भाजपा में शामिल हो गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि माकपा में मूल्यों का पतन हो गया है। तिरुवनंतपुरम जिले के माकपा नेता सुंदरेशन की बेटी स्मिता सुंदरेशन वर्कला ब्लॉक पंचायत में पार्षद के रूप में कार्यरत थीं और पार्टी की वर्कला क्षेत्र समिति की सदस्य थीं। केरल प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर और पार्टी के प्रदेश प्रभारी प्रकाश जावडेकर ने भाजपा में उनका स्वागत किया।

## असम: तृणमूल कांग्रेस ने दूसरी सूची जारी की

गुवाहाटी। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को असम विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची की घोषणा की, जिसमें कांग्रेस विधायक शेरमन अली अहमद को मांडिया निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि पार्टी की राज्य इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डुलू अहमद की उम्मीदवारी वापस ले ली गई। नवीनतम सूची में पार्टी के सात उम्मीदवारों के नाम हैं, जबकि पहली सूची में 11 उम्मीदवार थे। चमारिया निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार डुलू अहमद की उम्मीदवारी वापस लेने के बाद, टीएमसी ने अब तक 17 सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है।

## जद (यू) के पूर्व नेता के. सी. त्यागी रालोद में शामिल



नई दिल्ली। जनता दल (यूनाइटेड) के पूर्व नेता के सी त्यागी रविवार को राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) में शामिल हो गए। त्यागी ने रालोद अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण की। त्यागी ने मंगलवार को जद (यू) छोड़ने की घोषणा की थी।

## SC: 18 मई तक जेलों की अपडेट जानकारी दें राज्य

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे जेलों से संबंधित अद्यतन जानकारी 18 मई तक उपलब्ध कराएं, जिसमें प्रत्येक जेल में कैदियों की स्वीकृत संख्या और क्षमता से अधिक कैदी रखने से रोकने के लिए उठाए गए कदम शामिल हों। न्यायाधीश विक्रम नाथ और न्यायाधीश संदीप मेहता की पीठ ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से यह भी कहा कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्रों में महिला जेलों की संख्या और उनमें उपलब्ध सुविधाओं का ब्योरा दें।

## रोपवे ट्रॉली की केबल टूटी, महिला की मौत

महासमुंद। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में एक पहाड़ी मंदिर से नीचे उतरते समय रोपवे ट्रॉली के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण एक महिला की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हुए। बागबाहरा की उपमंडल मजिस्ट्रेट ने बताया कि हादसा सुबह करीब 10 बजे उस समय हुआ, जब पहाड़ी से सात यात्रियों को लेकर नीचे आते समय ट्रॉली की केबल टूट गई।

होर्मुज को लेकर ट्रंप की ऊर्जा संयंत्रों पर हमले की धमकी

# ईरान का पलटवार... दुश्मनों को छोड़ सभी के लिए खुला है होर्मुज

एजेंसी | काहिरा

खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका व इजराइल तथा ईरान के साथ जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान 48 घंटे के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह नहीं खोलता है तो अमेरिका उसके ऊर्जा संयंत्रों को नेस्तनाबूद कर देगा। वहीं, ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान के दुश्मनों से जुड़े जहाजों को छोड़कर सभी प्रकार के जहाजों के लिए खुला है।

ईरानी मीडिया के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) में ईरान के प्रतिनिधि अली मौसावी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य 'ईरान के दुश्मनों' से जुड़े जहाजों को छोड़कर सभी प्रकार के जहाजों के लिए खुला है। मौसावी ने कहा कि तेहरान खाड़ी क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने और नाविकों की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के साथ सहयोग जारी रखेगा। उन्होंने जोर दिया कि ईरान के दुश्मनों से संबंधित न होने वाले जहाज तेहरान के साथ सुरक्षा और संरक्षा व्यवस्थाओं का समन्वय करके जलडमरूमध्य से गुजर सकते हैं। मौसावी ने कहा कि ईरान की प्राथमिकता कूटनीति बनी हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले ही होर्मुज जलडमरूमध्य में मौजूदा स्थिति की जड़ हैं। वहीं, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि अगर अमेरिकाट्रंप की ऊर्जा संयंत्रों पर हमले की नई धमकी पर अमल करता है, तो होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। इससे पहले ट्रंप ने कहा कि ईरान को इस जलमार्ग को खोलने के लिए ठीक 48 घंटे का समय दिया जा रहा है, अन्यथा उसे नए हमलों का सामना करना पड़ेगा।



इजराइल के तेल अवीव में ईरान के मिसाइल हमले में क्षतिग्रस्त एक अपार्टमेंट की बिल्डिंग का मुआयना करते इजराइल के सुरक्षा अधिकारी।

## 20 देश ट्रंप के दृष्टिकोण से सहमत: नाटो

नाटो महासचिव मार्क रट ने रविवार को स्वीकार किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने में गठबंधन के सहयोगी देशों द्वारा उनके आह्वान को गंभीरता से न लिए जाने से नाराज हैं। रट ने 'फॉक्स न्यूज' के साथ साक्षात्कार के दौरान इस बात पर जोर दिया कि पोत मार्ग का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए 20 से अधिक देश अब उनके (ट्रंप) दृष्टिकोण को लागू करने के लिए एक साथ आ रहे हैं।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में प्रस्ताव पेश

# बंगाली हिंदुओं पर पाक के अत्याचार नरसंहार घोषित किए जाएं

एजेंसी | वॉशिंगटन

अमेरिकी सांसद ग्रेग लैंड्समैन ने प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें मांग की गई है कि पाकिस्तानी सेना और उसके सहयोगी संगठन जमात-ए-इस्लामी द्वारा 25 मार्च 1971 को बंगाली हिंदुओं के खिलाफ किए गए अत्याचारों को युद्ध अपराध और नरसंहार माना जाए। प्रस्ताव पेश को विदेश मामलों की समिति को भेज दिया गया है।

प्रस्ताव में कहा गया है कि 25 मार्च 1971 की रात पाकिस्तान सरकार ने शेख मुजीबुर रहमान को गिरफ्तार कर लिया और उसकी सेना ने जमात-ए-इस्लामी की विचारधारा से प्रेरित उग्र इस्लामी समूहों के साथ मिलकर पूर्वी पाकिस्तान में ऑपरेशन सर्चलाइट नाम से एक व्यापक दमन अभियान शुरू किया, जिसमें नागरिकों का बड़े पैमाने पर नरसंहार किया गया।

प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि 28 मार्च 1971 को ढाका में अमेरिका के महावाणिज्य दूत आर्चर ब्लड ने वॉशिंगटन को 'चुनिंदा नरसंहार' शीर्षक से एक टेलीग्राम भेजा था, जिसमें उन्होंने लिखा था कि पाकिस्तानी सेना के समर्थन से गैर-बंगाली मुसलमान गरीब बस्तियों पर संगठित हमले कर रहे हैं और बंगालियों तथा हिंदुओं की हत्या कर रहे हैं। लैंड्समैन ने बताया कि छह अप्रैल 1971 को आर्चर ब्लड ने अमेरिकी सरकार की चुप्पी पर आपत्ति जताते हुए एक संदेश भेजा था, जिस पर ढाका वाणिज्य दूतावास के 20 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे। इसे बाद में ''ब्लड टेलीग्राम'' के नाम से जाना गया। लेकिन हमने इस आधार पर हस्तक्षेप न करने का फैसला किया है कि अवामी संघर्ष, जिसमें दुर्भाग्यवश नरसंहार शब्द लागू होता है, एक संप्रभु देश का आंतरिक मामला है।



विश्व जल दिवस

# पानी की एक-एक बूंद का करें संरक्षण: मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर पृथ्वी के भविष्य को आकार देने वाले इस आवश्यक जीवन तत्व के संरक्षण की अपील की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पानी हमें जीवन देता है और हमारे ग्रह के भविष्य को आकार देता है। विश्व जल दिवस के अवसर पर आइए हम एक-एक बूंद पानी के संरक्षण और उसके जिम्मेदार उपयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दिन उन लोगों की सराहना करने का भी है जो सतत तरीकों को अपनाते हैं, जागरूकता फैलाते हैं और संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। विश्व जल दिवस का एक प्रमुख उद्देश्य सतत विकास लक्ष्य- छह को हासिल करना है, जिसका उद्देश्य 2030 तक सभी के लिए स्वच्छ पानी और स्वच्छता सुनिश्चित करना है।



## स्वर्ण सिक्के पर अंकित की जाएगी ट्रंप की छवि

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की छवि देश की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जारी होने वाले एक स्वर्ण सिक्के पर चित्रित की जाएगी। हालांकि इस कदम की वैधता पर सवाल उठ रहे हैं। एक बयान के मुताबिक, 24 कैरेट के इस स्वर्ण सिक्के पर ट्रंप को मुट्ठी बांधे हुए रेसोल्यूट डेस्क के सहारे खड़े हुए दर्शाया गया है। यह किसी जीवित राष्ट्रपति के सिक्के पर चित्रित होने का दूसरा उदाहरण होगा। इससे पहले, अमेरिका के 30वें राष्ट्रपति कैल्विन कूलिज को जॉर्ज वॉशिंगटन के साथ एक स्मारक सिक्के पर दिखाया गया था।

अधिकारी के आत्महत्या करने के मामले में विपक्षी दलों ने किया प्रदर्शन

# पूर्व मंत्री भुल्लर, उनके पिता व पीए पर केस दर्ज

एजेंसी | चंडीगढ़

पंजाब में भंडारण निगम के एक अधिकारी की कथित आत्महत्या के सिलसिले में पुलिस ने राज्य के पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अमृतसर में पंजाब राज्य भंडारण निगम के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा ने शनिवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि पुलिस ने भुल्लर के पिता सुखदेव सिंह भुल्लर और उनके निजी सहायक दिलबाग सिंह के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। यह मामला अमृतसर के रणजीत एवेन्यू पुलिस थाने में रंधावा की पत्नी उपिंदर कौर की शिकायत पर शनिवार रात दर्ज किया गया। लालजीत सिंह भुल्लर ने शनिवार को राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। प्राथमिकी के अनुसार, कौर ने अपनी शिकायत में कहा कि उसके पति ने बताया था कि उनके ऊपर एक निविदा पूर्व मंत्री भुल्लर के पिता को देने के लिए लगातार दबाव डाला जा रहा था। भुल्लर व्हाट्सएप के जरिए कॉल कर हिंसा की धमकी देते थे और निविदा रद्द कर उसे उनके पिता के नाम पर जारी करने के लिए कहते थे। दूसरी ओर, आत्महत्या मामले को लेकर विपक्ष ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के आवास का 'घेराव' करने का भी प्रयास किया। पुलिस ने विपक्षी नेताओं को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया।



एक अधिकारी के आत्महत्या के मामले को लेकर चंडीगढ़ में पंजाब की आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते विपक्षी दलों के कार्यकर्ता।

CM योगी ने तैयारियों का जायजा लिया, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

# PM मोदी 28 मार्च को करेंगे नोएडा एयरपोर्ट का उद्घाटन

अक्षय राय | बेधड़क

नोएडा/दिल्ली। नोएडा के जेवर में बना नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तरी भारत में एक बड़ा एविएशन हब बनने के लिए तैयार है। उम्मीद है कि इससे इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भीड़ कम होगी। साथ ही पूरे इलाके में व्यापार, टूरिज्म और रोजगार के मौके बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मार्च को इस एयरपोर्ट का उद्घाटन करने वाले हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एयरपोर्ट के उद्घाटन की तैयारियों की पूरी तरह से समीक्षा की। यह एक अहम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है जो क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को पूरी तरह से बदल देगा। समीक्षा बैठक में वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसमें गौतम बुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम ने एक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट पेश करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने मुख्यमंत्री को सभी जरूरी पहलुओं के बारे में जानकारी दी, जिसमें निर्माण की प्रगति, पैसेंजर टर्मिनलों की तैयारी, सुरक्षा इंतजाम, ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान और अलग-अलग विभागों के बीच तालमेल शामिल है। रूपम ने बताया कि सभी विभाग उद्घाटन कार्यक्रम को बिना किसी रुकावट के पूरा करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आखिरी-मील कनेक्टिविटी, भीड़ को संभालने और समारोह के दिन पैसेंजरों की आवाजाही बिना किसी दिक्कत के हो, इस पर खास ध्यान दिया जा रहा है।



DM मेधा रूपम उत्तर प्रदेश के CM योगी आदित्यनाथ को उद्घाटन की तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए।



नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का टर्मिनल भवन।

## गुणवत्ता व काम में उच्च मानक बनाए रखें

मुख्यमंत्री ने अपडेट्स का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे गुणवत्ता और काम करने के तरीके के ऊंचे मानक को बनाए रखें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एयरपोर्ट में इंफ्रास्ट्रक्चर और सेवाओं के मामले में दुनिया भर के स्टैंडर्ड झलकने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सुरक्षा या लॉजिस्टिक्स में कोई भी चूक न हो। ज्ञात रहे कि उद्घाटन कार्यक्रम में सरकार के बड़े अधिकारियों, एविएशन सेक्टर से जुड़े लोगों और इंडस्ट्री के बड़े नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

विपक्ष ने नोटिस में उठाए कई सवाल, कहा...

# सरकार के इशारे पर काम कर रहे हैं सीईसी

एजेंसी | नई दिल्ली

विपक्षी सांसदों द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग करते हुए संसद में दिए गए नोटिसों में उन पर सरकार के इशारे पर काम करने और एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से बड़े पैमाने पर लोगों को मताधिकार से वंचित करने का भी आरोप लगाया गया है।

विपक्षी सदस्यों ने कुमार की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए हैं। संसद के दोनों सदनों में 12 मार्च को प्रस्तुत किए गए नोटिसों में मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के खिलाफ साबित कदाचार के आधार पर सात आरोप सूचीबद्ध किए गए हैं, जिनमें उन्हें पद से हटाने का आह्वान किया गया है। लोकसभा में 130 और राज्यसभा में 63 विपक्षी सांसदों ने सीईसी को हटाने की मांग का प्रस्ताव किया है।

विपक्ष के आरोपों में कुमार की मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्ति की प्रक्रिया के अलावा 17 अगस्त, 2025 को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को निशाना बनाते हुए उनकी पक्षपातपूर्ण प्रेस वार्ता और विपक्षी सदस्यों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार, जांच में बाधा डालना, पारदर्शिता के साधन (टूल्स) उपलब्ध कराने से इंकार करना शामिल हैं।

## खेल हलचल

### PSL छोड़ रॉयल्स से जुड़ेंगे शनाका

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को एक और झटका लगा है, क्योंकि श्रीलंका के कप्तान और ऑलराउंडर दासुन शनाका ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने का फैसला किया है। वह चोटिल सैम कुरेन की जगह राजस्थान रॉयल्स टीम से जुड़ेंगे। सूत्रों के अनुसार, पीएसएल से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शनाका आईपीएल अनुबंध पर हस्ताक्षर करेंगे। वे गुवाहाटी में टीम के साथ जुड़ेंगे, जहां राजस्थान रॉयल्स को अपना पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेलना है।

### अजीत फिर अध्यक्ष व गेमर बने सचिव

**जयपुर।** राजस्थान बास्केटबॉल एसोसिएशन के चुनावों में रविवार को अजीत सिंह राठौड़, गेमर सिंह सोढ़ा और शैतान सिंह शक्तावत



निर्विरोध रूप से क्रमशः अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। निर्वाचित कार्यकारिणी का कार्यकाल वर्ष 2026 से 2030 तक रहेगा। बीकानेर में आयोजित चुनावों में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। पूरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। अजीत सिंह राठौड़ एक बार फिर निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए, जबकि बाड़मेर निवासी गेमर सिंह सोढ़ा को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में विजेंद्र सिंह चुंडावत का चयन किया गया। उपाध्यक्ष पद पर किशन कुमार विश्नोई, जसवंत सिंह, सुशील यादव, विकास अग्रवाल और हरीश धनदेव को जिम्मेदारी दी गई है। संयुक्त सचिव के पद पर मून सिंह राठौड़, मोहम्मद अयूब, क्षेत्र प्रताप सिंह, रोहन बुलिया और निशा शर्मा चुने गए। कोषाध्यक्ष के रूप में शैतान सिंह शक्तावत निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्यों में जसवंत सिंह जेतावत, दलपत सिंह चुंडावत, अमृत प्रकाश, मोहम्मद नईम, पवन कुमार, पुष्पेंद्र चौधरी और आदिल पठान शामिल हैं।

### वुमन ए डिवीजन लीग आज से

**जयपुर।** महिला ए डिवीजन लीग का आयोजन 23 मार्च से के.एल. सैनी स्टेडियम में किया जाएगा। महिला ए डिवीजन लीग में 6 टीमें-राजस्थान यूथ, सुराना क्रिकेट एकेडमी, चंबल स्पोर्ट्स, राजीव गांधी क्लब, यूनियन क्रिकेट क्लब और जयपुर क्रिकेट एकेडमी-भाग लेंगी। प्रत्येक टीम 50-50 ओवर के कुल 5 मैच खेलेगी। यह जिला स्तर पर आयोजित महिला ए डिवीजन लीग की पहली आधिकारिक प्रतियोगिता है।

### राजस्थान आवासन मंडल कर्मचारी खेलकूद में मुख्यालय चैंपियन

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल की 30वीं कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता का चार दिवसीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में टेबल टेनिस, क्रिकेट, वॉलीबाल, बास्केटबाल, कैरम और बैडमिंटन सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।



चार दिवसीय प्रतियोगिता में मुख्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनरल चैंपियनशिप अपने नाम की। मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान आवासन मंडल के सचिव गोपाल सिंह उपस्थित रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल ने की।

**एचएमडी-राजस्थान रॉयल्स में साझेदारी: बिश्नोई व संदीप ने भी लिया भाग**

# पुल मेरा पसंदीदा शॉट: सूर्यवंशी

**बेधड़क** | जयपुर

भारत ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी धूम मचाने वाले 14 वर्षीय वैभव देशपांडे ने कहा कि अंडर-19 वर्ल्ड कप में अच्छे प्रदर्शन के बाद उनका हौसला बढ़ा है और अब वे आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स को जिताने में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह बात उन्होंने रविवार को एक पांच सितारा होटल में रॉयल्स और एचएमडी के साझेदारी कार्यक्रम में कही। वैभव ने बताया कि उनका पसंदीदा शॉट पुल है और इसे खेलने में उन्हें बहुत मजा आता है। उन्होंने कहा कि उनके शॉट की किसी अन्य खिलाड़ी से तुलना नहीं की जा सकती, क्योंकि उनका अपना तरीका है। रॉयल्स टीम के रवि बिश्नोई के बारे में उन्होंने कहा कि उनकी गेंदों को खेलना भी काफी चुनौतीपूर्ण होता है। वहीं संदीप शर्मा के बारे में वैभव ने कहा कि दोनों अलग-अलग गेंदबाज हैं और उनका अपना-अपना अंदाज है। दोनों ही कठिन गेंदबाज हैं और नेट्स में उनके सामने बैटिंग करना चुनौतीपूर्ण लगता है। संदीप शर्मा ने भी कहा कि स्टार्क के सामने बल्लेबाजी करना काफी चुनौतीपूर्ण है। एचएमडी अब राजस्थान रॉयल्स की आधिकारिक स्मार्टफोन पार्टनर से आगे बढ़कर एसोसिएट स्पॉन्सर बन गई है। यह लगातार तीसरा वर्ष है, जब दोनों ब्रांड एक साथ जुड़े हैं, जो एचएमडी की तकनीकी नवाचार क्षमता और राजस्थान रॉयल्स की मजबूत क्रिकेट विरासत को एक मंच पर लाता है। इस सहयोग के माध्यम से दोनों संस्थाएं दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों से जुड़ने का अवसर प्राप्त कर रही हैं।




#### अब कोचिंग करना आसान

राजस्थान रॉयल्स के चीफ कोच कुमार संगकारा ने कहा कि जब वे खिलाड़ी थे तब इतना दबाव नहीं था, लेकिन कोच बनने के बाद खिलाड़ियों पर आजकल काफी दबाव रहता है, जिससे प्रदर्शन पर फर्क पड़ता है। उन्होंने कहा कि खेलने की क्षमता तो सबके पास होती है, लेकिन उसे सही तरीके से अंजाम देना सबके बस की बात नहीं है।

#### अभिजीत व हैड को गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण

रवि बिश्नोई ने कहा कि पावर प्ले में सबसे टफ बल्लेबाज सुरेश रैना रहे। इसके अलावा, पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स के सामने गेंदबाजी करना भी कठिन रहा। बिश्नोई ने बताया कि अभिजीत शर्मा और ट्रेविस हैड के सामने गेंदबाजी करना फिलहाल चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि वे दुनिया के बेहतरीन हिटर्स में से हैं। साथ ही, बैटिंग के दौरान माइकल स्टार्क के सामने खेलना भी मुश्किल होता है।

### परशुराम क्रिकेट लीग में महर्षि विश्वामित्र जीते

**जयपुर।** विप्र फाउंडेशन की जयपुर जिला इकाई की ओर से जयपुरिया क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार से परशुराम क्रिकेट लीग के 8वें संस्करण की शुरुआत हुई। उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक गोपाल शर्मा, कर्मचारी चयन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष हरि प्रसाद शर्मा, आर.एस. जैमिनी और पूर्व पार्षद करण शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। परशुराम क्रिकेट लीग के चेयरमैन महेंद्र शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 24 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच में महर्षि विश्वामित्र टीम ने ऋषि वशिष्ठ 11 को हराकर जीत दर्ज की।

### एलिट स्पोर्ट्स जीता

**जयपुर।** चौथी डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम स्मृति लीग-कम-नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को नैना क्रिकेट ग्राउंड, जगतपुरा में प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अविनाश शर्मा की 148 रनों (62 गेंद, 9 चौके, 14 छक्के) की अविश्वसनीय पारी की बदौलत एलिट स्पोर्ट्स एकेडमी ने एसआर एकेडमी को 2 विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

**स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शृंखला बराबर की**

## एस्टरहुइजन की फिफ्टी से द. अफ्रीका 19 रन से जीता

**एजेंसी** | वेलिंगटन

कॉनर एस्टरहुइज़न के कॅरिअर के पहले अर्धशतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को 19 रन से हराकर पांच मैचों की शृंखला 2-2 से बराबर कर दी।

एस्टरहुइजन ने 33 गेंदों में अपना पहला अर्धशतक बनाया और 57 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी ने दक्षिण अफ्रीका को निर्णायक बढ़त दिलाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने पांच विकेट पर 164 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 18.5 ओवर में 145 रन पर आउट हो गई।




न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में दो विकेट पर 63 रन बनाए, जिसमें टिम रॉबिंसन के 22 गेंदों में 32 रन शामिल हैं। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों ने कड़ा दबाव बनाया। प्रेनेलन सुब्रायन ने अपने पहले मैच में 13 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि केशव महाराज ने 22 रन देकर दो विकेट हासिल किए। लगभग तीन साल बाद टीम में वापसी करने वाले डेन क्लीवर ने 16 गेंदों में 26 रन बनाकर उम्मीद कायम रखी, लेकिन उनके आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका की जीत सुनिश्चित हो गई। न्यूजीलैंड के कप्तान जिमी नीशम ने कहा कि 165 रन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। कुछ खिलाड़ियों के अनुभवहीन होने का नुकसान हुआ। चोट और अनुपस्थिति के कारण टीम और कमजोर हो गई। दक्षिण अफ्रीका के एस्टरहुइजन और टोनी डी'जोर्जी ने शुरुआती साझेदारी कर पावर प्ले को सफल बनाया। पांचवां और अंतिम मैच बुधवार को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा।

## सद्भावना कप में गुडएज 89 रनों से जीती

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर जिला टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के संयोजन में रविवार को तीसरे सद्भावना कप टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। उद्घाटन मैच में गुडएज ने 89 रनों से शानदार जीत दर्ज की। गुडएज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 129 रन बनाए। जवाब में जहिरुल हससून क्लब को 130 रनों का लक्ष्य दिया गया, लेकिन पूरी टीम मात्र 40 रन पर सिमट गई। जय ने 25 रन बनाए और 3 विकेट भी चटकाए। राजस्थान टेनिस बाल क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने दोनों टीमों को शुभकामनाएं दीं। जयपुर जिला टेनिस बाल क्रिकेट संघ के मंजूर बेग ने सभी खिलाड़ियों का मुख्य अतिथि राजीव अरोड़ा से परिचय करवाया।



# बिजनेस बेधड़क

"हर किसी के पास एक विचार होता है, लेकिन असली बात तो उस विचार को अमल में लाना और दूसरे लोगों को उस विचार में मदद करने के लिए आकर्षित करना है।"
-जैक डोर्सी, ट्विटर के सह-संस्थापक और सीईओ



"शुरुआत करने का तरीका है बातें करना बंद करके काम शुरू करना।"
-वॉल्ट डिज़्नी, वॉल्ट डिज़्नी कंपनी के संस्थापक



## जरूरी खबर

### FPI नियमों में ढील व सुधारों पर सेबी बोर्ड की बैठक आज

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) का निदेशक मंडल सोमवार को महत्वपूर्ण बैठक में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI) के लिए नियमों में ढील और बाजार मध्यस्थों से जुड़े सुधारों पर विचार करेगा। एजेंडा का प्रमुख प्रस्ताव 'फंड नेटिंग' को अनुमति देना है। वर्तमान में एफपीआई को हर खरीद सौदे के लिए अलग से भुगतान करना होता है, भले ही उसी दिन बिक्री से राशि प्राप्त हुई हो। प्रस्तावित बदलाव के तहत निवेशक अब उसी दिन की बिक्री से मिली राशि का उपयोग खरीद देनदारियों के भुगतान में कर सकेंगे। इससे एफपीआई को केवल शुद्ध देय राशि का ही भुगतान करना होगा, जिससे लेनदेन प्रक्रिया सरल बनेगी।

### गोदरेज और लोढ़ा ने बढ़ाया निवेश

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड और लोढ़ा डेवलपर्स लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष में आवास क्षेत्र की मजबूत मांग को देखते हुए 25 से अधिक भूखंडों का अधिग्रहण किया है। इन परियोजनाओं की संयुक्त राजस्व क्षमता एक लाख करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। लोढ़ा डेवलपर्स ने मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, पुणे और बेंगलुरु में 11 भूखंड खरीदे हैं, जिनका संभावित विक्रय मूल्य करीब 58,800 करोड़ रुपए है। वहीं गोदरेज प्रॉपर्टीज ने विभिन्न शहरों में लगभग 20 भूखंड अधिग्रहित किए हैं, जिनसे 42,000 करोड़ रुपए की परियोजनाएं विकसित होंगी। दोनों कंपनियों का यह निवेश रियल एस्टेट सेक्टर में बढ़ती मांग और सकारात्मक रुझान को दर्शाता है।

**महंगा हुआ औद्योगिक उत्पादन... कीमतों में 40 फीसदी तक इजाफा**

# पॉलिमर दाने की सप्लाई बंद होने से प्रदेश की इंडस्ट्रीज में उत्पादन शून्य

**बेधड़क** | जयपुर

ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच जारी तनाव का असर अब वैश्विक बाजार के साथ भारत के उपभोक्ता बाजार पर भी साफ दिखाई देने लगा है। कच्चे माल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से औद्योगिक उत्पादन महंगा हो गया है, जिससे रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम 30 से 40 फीसदी तक बढ़ गए हैं। पॉलिमर दाने की सप्लाई पूरी तरह बंद है, जिससे राजस्थान में करीब 10 हजार करोड़ की इंडस्ट्रीज में उत्पादन शून्य हो गया है।

डीजल और एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद अब पॉलिमर दाना, मेटल, केमिकल और पेट्रोलियम उत्पादों के साथ ढुलाई भाड़े में 40 से 50 फीसदी तक इजाफा दर्ज किया गया है। बढ़ती लागत के चलते कई उद्योगों, खासकर प्लास्टिक उद्योग को उत्पादन घटाना या बंद करना पड़ा है। इसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। खाद्य तेल, दाल, मसाले और ड्राई फ्रूट्स जैसी जरूरी वस्तुओं के दाम भी करीब 30 फीसदी तक बढ़ गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वैश्विक तनाव जल्द कम नहीं हुआ तो महंगाई और बढ़ सकती है, जिससे आम आदमी की जेब पर और बोझ पड़ेगा।



"पॉलिमर दाने की सप्लाई बंद होने से राजस्थान में करीब 10 हजार करोड़ की इंडस्ट्री में उत्पादन शून्य हो गया है। इसका असर प्लास्टिक फैक्ट्रियों में श्रमिकों के रोजगार पर भी पड़ रहा है।"



- **श्रवण शर्मा,** अध्यक्ष, प्लास्टिक मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान

"रुपए और शेयर बाजार में गिरावट के साथ उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में इजाफा बाजार को मंदी की ओर ले जाता है। भारत में बचत की प्रवृत्ति ज्यादा है, इसलिए इसका असर कम है।"



**डॉ. केएल जैन,**
अध्यक्ष, राजस्थान चैम्बर

"ईरान के साथ इजराइल और अमेरिका के युद्ध ने तेजी से आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था को पीछे धकेल दिया। औद्योगिक उत्पादन लागत बढ़ रही है, इसके साथ बाजार का सेंटीमेंट खराब होने से मांग में कमी आई है।"



**-सुनील अग्रवाल,**
अध्यक्ष, फोर्टी यूथ विंग

"मिडिल ईस्ट में युद्ध के कारण सभी तरह के औद्योगिक उत्पादन की लागत 30 से 40% तक बढ़ चुकी है। इनमें गारमेंट, स्टील, वुड, केमिकल, ऑयल, ग्रीस सभी तरह के उत्पाद शामिल हैं।"



**-जगदीश सोमानी**
पूर्व अध्यक्ष, वीकेआई

"मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध का भारतीय बाजार पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से प्रभाव पड़ रहा है, कुछ वस्तुओं की सीधे तौर पर कीमतें लगातार बढ़ रही है।"



**-हेमंत प्रभाकर,** महासचिव, कन्फेडरेशन ऑल इंडिया ट्रेडर्स राजस्थान

## बाजार हलचल

### श्रीलंका ने बिजली और ईंधन के सीमित उपयोग की अपील की

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता के बीच जनता से बिजली और ईंधन का सोच-समझकर उपयोग करने की अपील की है। सरकार ने संभावित कमी से निपटने के लिए ऊर्जा खपत कम रखने पर जोर दिया है। सरकार ने हाल ही में एक सप्ताह में दूसरी बार ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की है। साथ ही क्यूआर कोड प्रणाली के जरिए वाहनों को सीमित मात्रा में ईंधन देने की व्यवस्था लागू की गई है। सरकारी प्रवक्ता नलिंदा जयतिस्सा ने कहा कि ईंधन की जमाखोरी से बचना जरूरी है और लोगों से जिम्मेदारी से उपयोग करने की अपील की गई है। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव, विशेषकर पश्चिम एशिया की स्थिति, ऊर्जा आपूर्ति पर असर डाल रही है। सरकार फिलहाल पेट्रोल और डीजल पर सब्सिडी भी दे रही है, ताकि आम जनता पर बोझ कम किया जा सके।

### IL एंड FS की कमजोर कंपनियों को सीएसआर खर्च से राहत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने आईएलएंडएफएस समूह की आर्थिक रूप से कमजोर 50 कंपनियों को कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व खर्च से राहत प्रदान की है। यह राहत उन कंपनियों को दी गई है, जो बढ़ते ब्याज के कारण वित्तीय दबाव में हैं। दरअसल, इन कंपनियों ने अपने बकाया कर्ज पर ब्याज जोड़ना बंद कर रखा था, जिससे उनके खातों में कागजी मुनाफा दिख रहा था। इसी आधार पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के तहत उन्हें CSR खर्च करना अनिवार्य हो रहा था। इस विसंगति को दूर करने के लिए आईएलएंडएफएस समूह ने NCLAT में आवेदन कर छूट की मांग की थी। दो सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति अशोक भूषण शामिल थे, ने अपने विवेकाधीन अधिकारों का उपयोग करते हुए यह राहत दी।

**रुपए-डॉलर और PMI आंकड़े तय करेंगे बाजार की दिशा**

# कच्चे तेल की कीमतों पर टिकी शेयर बाजार की चाल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा काफी हद तक पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों पर निर्भर करेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों की नजर अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम, विदेशी निवेशकों के रुख और रुपए-डॉलर की चाल पर रहेगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा के अनुसार, बाजार इस सप्ताह आंकड़ों के प्रति संवेदनशील रह सकता है। बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव निकट अवधि में बाजार की दिशा तय करेंगे। घरेलू स्तर पर HSBC के PMI आंकड़े भी निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण संकेत देंगे।




#### निवेशकों की सतर्कता बढ़ी

एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि बाजार में अस्थिरता बनी रह सकती है। यदि कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर टिकता है, तो महंगाई और चालू खाते के घाटे पर दबाव बढ़ सकता है। पिछले सप्ताह भी बाजार में हल्की गिरावट दर्ज की गई।

#### ये रहे प्रमुख कारक

- पश्चिम एशिया का भू-राजनीतिक तनाव
- कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव
- विदेशी निवेशकों (FII) की गतिविधियां
- रुपए-डॉलर विनिमय दर
- एचएसबीसी पीएमआई आंकड़े

#### संभावित असर

- तेल महंगा होने से महंगाई बढ़ने का खतरा
- कॉरपोरेट आय और आर्थिक वृद्धि पर दबाव
- बाजार में बढ़ सकती है अस्थिरता
- तनाव कम होने पर बाजार में तेजी की संभावना

#### 88 हजार करोड़ रुपए से अधिक की निकासी

विदेशी निवेशकों ने इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजार से 88,000 करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की है, जिससे बाजार पर दबाव बना हुआ है। तेल की ऊंची कीमतों ने निवेशकों की चिंता बढ़ाई है।

### जून से शुरू होगा भारत-तिब्बत व्यापार

**एजेंसी** | शिमला

हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले स्थित शिपकी ला दर्रा के जरिए भारत-तिब्बत व्यापार इस वर्ष जून से दोबारा शुरू होने जा रहा है। जनजातीय विकास एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने बताया कि कोविड-19 महामारी के कारण 2020 में यह व्यापार बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कारणों और अन्य प्रतिबंधों के चलते लंबे समय से यह पारंपरिक व्यापार प्रभावित था। अब पाबंदियों में ढील मिलने से किन्नौर और आसपास के क्षेत्रों में व्यापार को बढ़ावा मिलने और रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है।

## जयपुर टाइम्स फैशन वीक-2026 के ग्रैंड फिनाले में पल्लवी का 'इश्क' कलेक्शन रहा खास

# फैशन के रंग, परंपरा और वैभव के संग

**बेधड़क** | जयपुर

गुलाबी फिजा में जब फैशन के रंग बिखरे तो फैशन वर्ल्ड के लोग भी रोमांचित हो उठे। कलेक्शन ने भी प्रभावित किया, जिसमें परंपरा के रंग भी दिखे। मौका था जयपुर टाइम्स फैशन वीक-2026 के ग्रैंड फिनाले का, जो शनिवार शाम जयपुर मैरियट होटल में आयोजित हुआ। इस दौरान डिजाइनर पल्लवी जयपुर ने 'फिनाले डिजाइनर' के रूप में कलेक्शन इश्क प्रस्तुत किया। प्रेम, संगीत और कला को समर्पित काव्यात्मक अभिव्यक्ति के रूप में इश्क दृश्य कथा के रूप में उभरा, जहां विरासत और समकालीन डिजाइन का संगम देखने को मिला। सिग्नेचर एस्थेटिक के लिए जानी जाने वाली पल्लवी के कलेक्शन ने बहती हुई सिल्हूट्स, नाजुक टेक्सचर और बोल्ड, रोमांटिक रंगों से जयपुर की सांस्कृतिक समृद्धि को जीवंत कर दिया। रैंप सिनेमाई दृश्य में बदल गया, जिसे बॉलीवुड साउंडट्रैक्स ने और भी प्रभावशाली बनाया। कोरियोग्राफी, इमर्सिव लाइटिंग और शो फ्लो के साथ मिलकर अनोखा संगम रहा, जिसने फैशन लवर्स को मंत्रमुग्ध किया।


पल्लवी जयपुर के 'इश्क' कलेक्शन को प्रस्तुत करतीं सुपर मॉडल्स।



### स्वदेशी टैलेंट को प्रोत्साहित करने पर जोर

इस अवसर डॉ. जगदीश चंद्र ने डिजाइनर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच न केवल फैशन का उत्सव मनाते हैं, बल्कि भारत की हस्तशिल्प विरासत को बड़े स्तर पर संरक्षित और प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने पारंपरिकता और आधुनिक वैश्विक अपील के समन्वय को बढ़ावा देने वाले स्वदेशी टैलेंट को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।


डॉ. जगदीश चंद्र के साथ उर्मिमाला बरुआ, स्निग्धा बरुआ, शोस्टॉपर कल्पना शुक्ला, डिजाइनर पल्लवी जयपुर और लोकेश शर्मा।
फोटो: मुकेश किराड़ू

### शोस्टॉपर कल्पना शुक्ला ने लगाया ग्लैमर का तड़का

एन्सेम्बल्स को पूरा करते हुए ट्राइब बाय आम्रपाली की ज्वेलरी ने प्रजेंटेशन में शाही नजाकत को जोड़ा। कुट्योर और ज्वेलरी के बीच तालमेल ने विजुअल स्टोरी टेलिंग को सशक्त बनाया, जिससे हर लुक कलात्मक अभिव्यक्ति में परिवर्तित हो गया। इस मौके पर डॉ. जगदीश चंद्र मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाने पहुंचे और उनका स्वागत सुलेखा मुर्डिया व अरिहंत मुर्डिया ने किया। शो डायरेक्टर लोकेश शर्मा ने यादगार शाम की शुरुआत की। रैंप पर ग्लैमर का तड़का लगाते हुए कल्पना शुक्ला मिसेज यूनिवर्स फर्स्ट रनर-अप-2023 शोस्टॉपर बनीं। यूएमबी पेजेंट्स फाउंडर उर्मिमाला बरुआ ने को-फाउंडर स्निग्धा बरुआ के साथ रैंप वॉक किया तो शो में चार चांद लग गए। इस दौरान एक भावुक पल भी आया, जब पल्लवी ने उनकी मां शारदा मुर्डिया से आशीर्वाद लिया।

## कर्पूर चंद्र कुलिश की जन्म शताब्दी पर 'लोकतंत्र और समाचार पत्र' समारोह

# लोकतंत्र को सशक्त बनाने और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने में समाचार पत्रों की भूमिका पर विचार-विमर्श


राजस्थान पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी का अभिवादन करते डॉ. जगदीश चंद्र।

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान पत्रिका ग्रुप के संस्थापक कर्पूर चंद्र कुलिश की जन्म शताब्दी पर जयपुर में 'लोकतंत्र और समाचार पत्र' विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अजय रस्तोगी तथा राजस्थान पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी शामिल हुए।

इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने लोकतंत्र को सशक्त बनाने, भाषाई जुड़ाव को बढ़ावा देने और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने में समाचार पत्रों की भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. जगदीश चंद्र सहित राज्यभर से आए प्रबुद्ध नागरिक, साहित्यकार, पत्रकार और विचारक भी शामिल हुए। इस अवसर पर कुलिशजी की दो कृतियां 'मैं देखता चला गया' (राजस्थान यात्रा के दौरान उनके लेखन पर आधारित) और 'अमेरिकाः एक विहंगम दृष्टि' (अमेरिका की 45 दिवसीय यात्रा के अनुभवों पर आधारित) के नए संस्करणों का विमोचन किया गया। पुस्तकों को जन्म शताब्दी समारोह के तहत नए स्वरूप में पुनः प्रकाशित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन उपसंपादक हरीश पराशर ने किया, जबकि स्टेट एडिटर (राजस्थान) विजय चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



संबोधित करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला। मंच पर हैं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राजस्थान पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अजय रस्तोगी।
फोटो: संतोष शर्मा


लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।


पत्रिका समूह के मैनेजिंग डायरेक्टर और एग्जीक्यूटिव एडिटर निहार कोठारी के साथ डॉ. जगदीश चंद्र।



राजस्थान पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी से बातचीत करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।

## एसीईई डिजाइनर अर्चना कोचर ने पेश किया अपना शानदार कलेक्शन

# पारंपरिक भारतीय शिल्प और समकालीन वैश्विक सौंदर्य का संगम

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर टाइम्स फैशन वीक में रविवार को जयपुर मैरियट होटल में एसीईई डिजाइनर अर्चना कोचर ने अपना शानदार कलेक्शन पेश किया। पारंपरिक भारतीय शिल्प को समकालीन वैश्विक सौंदर्य के साथ जोड़ने के लिए जानी जाने वाली कोचर के कलेक्शन में बारीक कढ़ाई, समृद्ध फैब्रिक्स और विरासत से प्रेरित स्ट्रक्चर्ड सिल्हूट्स नजर आए।

आकर्षक संगीत और कोरियोग्राफी के बीच शोकेस किए गए इस कलेक्शन ने रैंप पर एक सजीव और प्रभावशाली वातावरण रच दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. जगदीश चंद्र रहे। इस दौरान डॉ. जगदीश चंद्र ने शैलेश शर्मा तथा अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह से मुलाकात की। शोस्टॉपर के रूप में चित्रांगदा सिंह ने सबका ध्यान आकर्षित किया, वहीं शो डायरेक्टर लोकेश शर्मा को शानदार प्रस्तुति के लिए सराहा गया।



*डॉ. जगदीश चंद्र के साथ शैलेष शर्मा, अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह और डिजाइनर अर्चना कोचर।*



*कलेक्शन शोकेस करते मॉडल्स।* फोटो: सुनील शर्मा

# City इवेंट्स

## 'सृजनात्मक शिक्षा' पुस्तक का विमोचन




**बेधड़क, जयपुर।** वरिष्ठ लेखक डॉ. राघव प्रकाश और उनकी पत्नी प्रो. सविता पाईवाल ने शिक्षा में बदलाव की जरूरत की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए 'सृजनात्मक शिक्षा' पुस्तक लिखी है, जिसका विमोचन मानसरोवर स्थित आचार्य हस्ती ऑडिटोरियम में किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है, जिसके बूते दुनिया में व्यापक बदलाव लाया जा सकता है। विमोचन के दौरान राजस्थान लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. बीएम शर्मा, जेएनयू के पूर्व प्रो. और यूपीएससी के पूर्व सदस्य प्रो. पुरुषोत्तम अग्रवाल, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के पूर्व कुलपति प्रो. नरेश दाधीच, हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. ओम थानवी, राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. हेतु भारद्वाज, दूरदर्शन के पूर्व अतिरिक्त निदेशक नंद भारद्वाज, राजकमल प्रकाशन के संचालक अशोक माहेश्वरी, शिक्षाविद और लेखक राजेंद्र मोहन शर्मा, पूर्व आईएएस जगरूप यादव, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र छाबड़ा और कवि संपत सरल मौजूद रहे।

## दुबे ने सुनाई छोटे शहर की रूहानी कहानी



**बेधड़क, जयपुर।** बॉलीवुड के मशहूर स्टोरी टेलर दिव्य प्रकाश दुबे ने स्टोरी टेलिंग शो 'टेंशन मत ले यार...' में जिंदगी को हल्के दिल से देखने के नजरिए से रूबरू कराया। द कला मंच जयपुर की ओर से हुए शो में दुबे ने छोटे शहर की कहानी कही, जिसका ताना-बाना एक लड़के से जुड़ी जीवन यात्रा के इर्द-गिर्द बुना गया। उनका चुटीला व चुटकलों से भरा अंदाज, हंसी-मजाक के साथ अगले ही पल भावुक करने के उनके कमाल के फन ने कहानी के मर्म को शिद्दत से महसूस कराया। कार्यक्रम के फ्रेमर्स-फाउंडर राजेश शर्मा व सतिन्दर सिंह ने बताया कि आगामी दिनों में भी ऐसे ही शो होंगे।

## पंचवटी विकास समिति को दिलाई शपथ



**बेधड़क, जयपुर।** पंचवटी विकास समिति के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को रविवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सिविल लाइंस विधायक डॉ. गोपाल शर्मा ने अध्यक्ष राजपाल सिंह, महामंत्री सुभाष चंद्र सैनी, उपाध्यक्ष इंद्र कुमार कचौलिया तथा कोषाध्यक्ष मनमोहन शर्मा सहित नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इस अवसर पर विधायक डॉ. शर्मा ने पंचवटी कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में सड़क एवं पार्कों के विकास, पेयजल समस्याओं के समाधान तथा लगातार हो रहे अतिक्रमणों को हटाने का आश्वासन दिया।

## राष्ट्रभक्ति के रस से सराबोर रही काव्य संध्या



**बेधड़क, जयपुर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, जयपुर विभाग की ओर से 'राष्ट्र साधना के 100 वर्ष' विषय पर रविवार शाम मानसरोवर में आयोजित काव्य संध्या राष्ट्रभक्ति की रचनाओं से सराबोर रही। बांसवाड़ा के कवि बृज मोहन तूफान ने सस्वर सरस्वती वंदना से काव्य संध्या का शुभारंभ किया। संयोजक रवि पारीक ने बताया कि काव्य संध्या के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस, जयपुर के विधायक गोपाल शर्मा रहे। दिल्ली के डॉ. प्रवीण आर्य, उत्तर प्रदेश से आए दास आरोही, बीकानेर की कवयित्री मोनिका गौड़, बाड़मेर के गोरधन सिंह सोढा 'जहरीला', कोटपुतली के नवनीत गौड़, उदयपुर के सुरेन्द्र सिंह राव, बांसवाड़ा के बृज मोहन तूफान, चित्तौड़गढ़ के कृष्णार्जुन पार्थभक्ति, कोटा के राजेंद्र गौड़, महाराष्ट्र के प्रवीण श्रीराम देशमुख, जयपुर के विकास तिवारी 'प्रज्ञेय' और नर्मदापुरम, मध्य प्रदेश के सौरभ सूर्य ने अपनी-अपनी शैली की कविताओं से श्रोताओं को बांधे रखा। स्वागताध्यक्ष पं. देवी शंकर शर्मा रहे तथा मंच संचालन डॉ. विनीत चौहान ने किया।

## ग्रेजुएशन डे में उत्साहित हुए बच्चे



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुरिया विद्यालय में ग्रेजुएशन डे का आयोजन किया गया। शुरुआत निदेशक डी.एम. जैन और प्रधानाचार्या रेनू शर्मा ने की। बच्चों ने गाउन और कैप पहनकर अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाया। वहीं उत्साहित माता-पिता ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्या रेनू शर्मा ने अभिभावकों के सुझावों का स्वागत किया।

## 'भारत एक साथ' वॉकाथॉन ने दिल्ली एनसीआर में दिलों को जोड़ा

# लोग जब साथ चलते हैं तो एक कदम से ही शुरू होता है सामाजिक बदलाव

**बेधड़क | जयपुर**

इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड ने रविवार को दिल्ली-एनसीआर में 'भारत एक साथ' वॉकाथॉन का आयोजन किया, जिसमें ESG+ फ्रेमवर्क 'पाथ्या' के तहत स्थिरता और सामाजिक प्रभाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। तीन किलोमीटर वॉक में परिवारों, साझेदारों और नागरिकों ने भाग लिया, जिसने एकता, स्वास्थ्य और सामूहिक जिम्मेदारी को बढ़ावा दिया। शुरुआत ताज महल, नई दिल्ली से हुई, जहां डॉ. जगदीश चंद्र ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और डॉ. अनमोल आहलुवालिया, एरिया डायरेक्टर ऑपरेशंस व जनरल मैनेजर के साथ मिलकर वॉकाथॉन को हरी झंडी दिखाई। डॉ. चंद्र ने पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास लोगों को सार्थक उद्देश्य के लिए साथ लाकर समाज की संरचना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और अधिक एकजुट राष्ट्र के निर्माण के लिए सामूहिक भागीदारी आवश्यक है।




*डॉ. जगदीश चंद्र के साथ बाएं से वेदागिरी राजाराम (होटल मैनेजर, ताज महल, नई दिल्ली), अंकुश शर्मा (जिंजर होटल्स), मंदीप सूरी (जनरल मैनेजर, एम्बेसडर, नई दिल्ली - आईएचसीएल सेलेक्शंस), सोनाली चौहान (जनरल मैनेजर, द कनॉट, नई दिल्ली - आईएचसीएल सेलेक्शंस), डॉ. अनमोल आहलुवालिया (एरिया डायरेक्टर - ऑपरेशंस एंड जीएम, ताज महल, नई दिल्ली) और हेमेन्द्र सिंह (क्लस्टर जीएम - ऑपरेशंस एंड जीएम, द क्लैरिजेस, नई दिल्ली) ।*

### विश्वभर में 200 स्थानों पर एक साथ आयोजन

गौरतलब है कि वॉकाथॉन ताज पैलेस, नई दिल्ली और ताज सिटी सेंटर, गुरुग्राम सहित कई स्थानों तक हुई, जिसमें IHCL प्रॉपर्टीज, पार्टनर्स, एनजीओ और कम्यूनिटी ग्रुप्स की भागीदारी रही। वहीं एसिड अटैक सर्वाइवर्स का समर्थन करने वाले 'शीरोज' सदस्यों ने भी पहल में हिस्सा लिया। डॉ. अनमोल आहलुवालिया ने कहा कि 'भारत एक साथ' IHCL की इस मान्यता को दर्शाता है कि आतिथ्य केवल होटलों तक सीमित नहीं है, बल्कि समुदायों तक विस्तारित है और यह ताज पब्लिक सर्विस वेलफेयर ट्रस्ट का समर्थन करता है। इसी भावना को दोहराते हुए विनोद पांडे, एरिया डायरेक्टर-ऑपरेशंस व जनरल मैनेजर, ताज दमदमा लेक रिजॉर्ट एंड स्पा, गुरुग्राम तथा प्रयधुम्न सिंह राठौड़, जनरल मैनेजर, ताज पैलेस, नई दिल्ली ने सामाजिक बदलाव लाने में सामूहिक प्रयासों की शक्ति को रेखांकित किया। इस मौके पर पूर्व सैनिकों, वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और स्वयं सेवकों सहित प्रतिभागियों ने वॉक में भाग लिया और अंत में मेडल से सम्मानित हुए। पहल विश्वभर में 200 स्थानों पर एक साथ आयोजित की गई, विविधता में एकता का प्रमाण बनी और दर्शाया गया कि जब लोग साथ चलते हैं तो बदलाव एक कदम से ही शुरू होता है।



*दिल्ली-एनसीआर में 'भारत एक साथ वॉकाथॉन' को हरी झंडी दिखाते डॉ. जगदीश चंद्र और डॉ. अनमोल।*




*एसिड अटैक सर्वाइवर्स की ताकत और जिजीविषा का जश्न मनाते हुए 'शीरोज' के सदस्यों के साथ डॉ. जगदीश चंद्र और डॉ. अनमोल आहलुवालिया।*



*वॉकाथॉन में शामिल प्रतिभागी।*



*फिनिश लाइन पर टीम सदस्यों के साथ डॉ. अनमोल आहलुवालिया।*

## रील्स में युवाओं ने करीब से जाना इतिहास



*रजत जैन, डॉ. सौम्या गुर्जर, रिक्की शेखावत और प्रीति अधिकारी।*

**बेधड़क | जयपुर**

नारी सम्मान, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता को समर्पित शक्ति वंदन महोत्सव में आयोजित विशेष रील प्रतियोगिता के विजेताओं को निवर्तमान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने झालाना स्थित आरआईसी में सम्मानित किया। प्रतियोगिता में रजत जैन ने प्रथम, प्रीति अधिकारी ने द्वितीय तथा रिकी शेखावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महोत्सव में 400 महिलाओं को निःशुल्क स्टॉल देकर उन्हें स्वरोजगार का अवसर दिया गया, वहीं सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण के साथ स्वास्थ्य जागरूकता के सत्र आयोजित किए गए। डॉ. सौम्या गुर्जर ने कंटेंट क्रिएटर्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि डिजिटल माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देने वाली ऐसी पहल प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि रील्स में मां पन्नाधाय के त्याग, बलिदान और राष्ट्रप्रेम की गाथा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिससे युवाओं को इतिहास को करीब से जानने का अवसर मिला। डॉ. गुर्जर ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भारतीय संस्कृति को डिजिटल माध्यम से आगे बढ़ाने वाले युवाओं की सराहना करते रहे हैं।

## सेवा और संकल्प के 20 साल का सफर जीवंत



*आश्रय टीम के साथ डीएसपी अंजू यादव, श्रुति भारद्वाज और सुशीला।*

**बेधड़क | जयपुर**

आश्रय केयर होम की ओर से जवाहर कला केंद्र में रविवार को आश्रय फेस्ट-2026 ने सेवा, संवेदना और संकल्प के 20 साल के सफर को जीवंत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एमडी आरसीडीएफ श्रुति भारद्वाज रहीं। संस्था संस्थापक सुशीला ने बताया कि पॉजीटिव वुमन नेटवर्क ऑफ राजस्थान सोसाइटी के तहत जयपुर के निर्माण नगर और नेवटा में रेजिडेंशियल केयर होम संचालित किए जा रहे हैं। अब तक करीब 3,000 बच्चे और महिलाएं लाभान्वित हो चुके हैं। इसके अलावा सीमा मिश्रा, आरजे देवांगना, डॉ. भूमिका अग्रवाल और भजन गायिका टीना शर्मा ने भी कार्यक्रम में रंग भरे।




*श्रुति भारद्वाज, सुशीला।*


पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/003/2026-28

# न्यूज बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 23 मार्च, 2026





"शहीद दिवस पर हम भगत सिंह के अदम्य साहस को नमन करते हैं। वह युवा क्रांति की वह ज्वाला थे, जिन्होंने सिखाया कि साहस डर से बड़ा होता है और बलिदान अत्याचार से शक्तिशाली।"
**डॉ. जगदीश चंद्र,** सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ

### मुख्यमंत्री की पहल से बदली प्रदेश की परंपरा

# संस्कृति, सुशासन व विकास का प्रतीक बना राजस्थान दिवस: सीएम भजनलाल

**बेधड़क** | जयपुर



भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नववर्ष के साथ ही नव चेतना एवं नव आरंभ का प्रतीक माना जाता है। इसी पावन अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष 2025 से शुरू की गई परंपरा को जारी रखते हुए राजस्थान दिवस को 30 मार्च के बजाय चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाने की शुरुआत की। यह बदलाव सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता से 30 मार्च 1949 को बने राजस्थान की स्थापना को भारतीय पंचांग से जोड़ने का प्रयास है।

इस वर्ष राजस्थान दिवस वि.सं. 2083 की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (19 मार्च) को प्रदेश की विरासत, अवसर एवं संभावनाओं के प्रतीक के रूप में मनाया गया। राज्य सरकार द्वारा 14 से 19 मार्च तक आयोजित कार्यक्रमों ने अतीत की गौरवशाली परंपराओं को संरक्षित किया। वर्तमान में जनकल्याणकारी कार्यों से खुशहाली सुनिश्चित की और भविष्य के लिए नवाचार एवं विकास की मजबूत नींव रखी।

राजस्थान दिवस 2026 के आयोजनों में प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक पहचान को प्रमुखता दी गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 15 मार्च को नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में 'राजस्थान उत्सव 2026' का शुभारंभ किया। इस आयोजन में लोककला, हस्तशिल्प, लोकसंगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक व्यंजनों की समृद्ध झलक राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत की गई। 19 मार्च को राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय भव्य सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों ने राजस्थान की जीवंत परंपराओं को प्रस्तुत किया। राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर में महाआरती एवं प्रदेशभर के राजकीय मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए, जिन्होंने प्रदेशवासियों को अपनी जड़ों से जोड़ा।

साथ ही 'राजस्थान को जानें' डिजिटल क्विज के माध्यम से युवाओं एवं नागरिकों को इतिहास, कला और संस्कृति से परिचित कराया गया। इन आयोजनों से राजस्थान ने अपनी समृद्ध विरासत को संजोते हुए विकास की गति बढ़ाई और युवा शक्ति के माध्यम से आत्मनिर्भर, विकसित राज्य का स्पष्ट खाका प्रस्तुत किया। राज्य सरकार का संकल्प है कि नया राजस्थान संस्कृति पर गर्व करते हुए आधुनिक तकनीक, निवेश, कौशल और नवाचार के साथ आगे बढ़ेगा।

### विकास और संस्कृति पर विशेष फोकस

कार्यक्रमों में सामाजिक सरोकारों के साथ सुशासन और समावेशी विकास पर जोर रहा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 14 मार्च को स्वच्छता संकल्प एवं जागरूकता कार्यक्रम में श्रमदान किया तथा 15 मार्च को राज्य स्तरीय 'विकसित राजस्थान रन-2026' में भाग लेकर युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। 16 मार्च को डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में राजस्थान जनजातीय गौरव दिवस पर मुख्यमंत्री ने जनजातीय क्षेत्रों के लिए 1,902 करोड़ रुपए के 326 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। 19 मार्च को राजस्थान रोडवेज की 207 नवीन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिससे यातायात सुविधाओं में सुधार हुआ। युवाओं को भविष्य का कर्णधार मानते हुए 17 मार्च को राजस्थान युवा शक्ति दिवस मनाया गया। मुख्यमंत्री ने शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता और खेल से जुड़े 485 करोड़ रुपए के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। 403 स्टार्टअप्स को 1,145 लाख का वायबिलिटी गैप फंड वितरित किया गया तथा 9,432 युवाओं को कौशल उन्नयन प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। 18 मार्च को उद्यमी संवाद समारोह में इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन पॉलिसी, राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी तथा राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी का अनावरण किया गया। रीको औद्योगिक क्षेत्रों में 119 करोड़ के 40 कार्यों का लोकार्पण और 226 करोड़ के 46 कार्यों का शिलान्यास किया गया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र तथा औद्योगिक क्षेत्रों के आरक्षण पत्र वितरित किए गए। 19 मार्च को मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान' की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य स्थानीय सुझावों से ग्राम पंचायतों एवं शहरी वार्डों के मास्टर प्लान तैयार करना है। यह अभियान विकास को विकेंद्रीकृत, जनसहभागी और साक्ष्य-आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

### सुमित गोदारा की अमित शाह से मुलाकात

# 'गिव अप' से जुड़े 77 लाख नए लाभार्थी



**बेधड़क** | जयपुर

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में संचालित 'गिव अप' अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए इसके सकारात्मक परिणाम साझा किए। मंत्री गोदारा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल अपात्र लाभार्थियों को स्वेच्छा से लाभ छोड़ने के लिए प्रेरित करने हेतु 1 नवंबर 2024 से 'गिव अप' अभियान शुरू किया गया था। लगभग 16 माह तक चले इस अभियान में करीब 55 लाख लोगों ने स्वप्रेरणा से खाद्य सब्सिडी छोड़ दी। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी नहीं करवाने के कारण 27 लाख लाभार्थियों के नाम स्वतः सूची से हट गए। इस प्रकार कुल 82 लाख पात्र जरूरतमंदों के लिए खाद्य सुरक्षा सूची में स्थान उपलब्ध हुआ।

मंत्री ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 26 जनवरी को खाद्य सुरक्षा पोर्टल पुनः शुरू किए जाने के बाद करीब 77 लाख वंचित पात्रों को योजना से जोड़ा गया, जिससे बड़ी संख्या में जरूरतमंद परिवारों को सीधा लाभ मिला। उन्होंने बताया कि अभियान की सफलता के लिए प्रदेश के सभी 41 जिलों का दौरा कर अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा की गई और सक्षम लोगों से स्वेच्छा से लाभ छोड़ने की अपील की गई।

मुलाकात के दौरान अमित शाह ने इस अभियान की सराहना करते हुए इसे जनहित में प्रभावी पहल बताया। साथ ही प्रदेश में संचालित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई।

### कोटा दौरे पर रहे मुख्य सचिव

# ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट से बदलेगी हाड़ौती की तस्वीर: वी. श्रीनिवास

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने रविवार को कोटा कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट निर्माण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने कहा कि यह राजस्थान का पहला ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट है, जो हाड़ौती क्षेत्र के पर्यटन विकास और आर्थिक उन्नति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्माण कार्य की समयबद्धता पर संतोष जताते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरे हो रहे हैं, जो खुशी की बात है।

सीएस ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों से विस्तृत प्रेजेंटेशन लिया। एयरपोर्ट निर्माण की वर्तमान स्थिति, विभिन्न चरणों की प्रगति और एयरोसिटी के कॉन्सेप्ट प्लान पर गहन जानकारी ली गई। एनएचएआई अधिकारियों से उदयपुर-कोटा और कोटा-भरतपुर कनेक्टिविटी की स्थिति पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने इन मार्गों की बेहतरी के लिए शीघ्र प्रयास करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने बताया कि एयरपोर्ट निर्माण के लिए तीन माह के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं और हर 10 दिन में प्रगति की समीक्षा की जा रही है।



*मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कोटा कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल, आईजी राजेंद्र गोयल, जिला कलेक्टर कोटा पीयूष समारिया, बूंदी कलेक्टर अक्षय गोदारा, कोटा शहर एसपी तेजस्विनी गौतम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।*

## टोंक में अरबी-फारसी शोध संस्थान का किया अवलोकन



कोटा से जयपुर आते समय मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने टोंक स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी-फारसी शोध संस्थान का अवलोकन किया। उन्होंने कैलिग्राफी प्रदर्शनी, अरबी-फारसी और विभिन्न भाषाओं के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दुर्लभ ग्रंथों का अवलोकन किया। इस दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल और एसपी राजेश कुमार मीणा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने संस्थान की कार्यप्रणाली और डिजिटाइजेशन किए गए हस्तलिखित ग्रंथों की जानकारी दी। इस दौरान एडीएम रामरतन सौकरिया, सीईओ परशुराम धानका, निदेशक भूपेंद्र यादव, एडीएम मालपुरा विनोद कुमार मीणा, एसडीएम टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया, डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## LPG आपूर्ति रखें सुचारू, कालाबाजारी पर कड़ी नजर

बैठक में रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग और कालाबाजारी कतई न होने पाए। पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। अस्पतालों, मंदिरों, अन्नपूर्णा रसोई और कोचिंग संस्थानों में गैस आपूर्ति निर्बाध रहे, यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्रीष्मकाल में पेयजल प्रबंधन पर विशेष जोर देते हुए मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हैंडपंप मरम्मत के लिए तत्काल सघन अभियान शुरू किया जाए। पेयजल की सुलभता सुनिश्चित करने के लिए अभी से प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि गर्मी के दिनों में किसी भी तरह की किल्लत न हो।

### आधे से ज्यादा जिलों में बदल सकते हैं कलेक्टर

# IAS की 50 नामों की एक और ट्रांसफर लिस्ट तैयार

**राजेंद्र छाबड़ा** | बेधड़क



**जयपुर।** जानकार सूत्रों के अनुसार आईएएस की एक और ट्रांसफर लिस्ट लगभग तैयार है। यह कभी भी जारी हो सकती है। इसमें 50 के करीब नाम बताए जा रहे हैं। आधा दर्जन खाली पोस्टों को भरा जाएगा। एपीओ चल रहे आईएएस को पोस्टिंग दी जाएगी। लेकिन सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात, जिलों में बड़ा फेरबदल हो रहा है। आधे से ज्यादा जिलों में कलेक्टर बदले जा रहे हैं। कई HOD'S भी बदले जा रहे हैं।

एक दर्जन से ज्यादा जिलों में नए कलेक्टर लगाए जा रहे हैं। पिछले दो दिनों में नए लगाए जाने वाले कलेक्टर्स को सीएमओ में बुलाकर उनका इंटरव्यू लिया गया है। उनकी योग्यता और क्षमता का आकलन किया गया है।

जिन खाली पदों को भरा जाएगा, उनमें ये मुख्य हैं- चेयरमैन RAT, डिवीजनल कमिश्नर जोधपुर, कलेक्टर नागौर, कलेक्टर तिजारा-खैरथल, कमिश्नर कोटा डेवलपमेंट अथॉरिटी, डायरेक्टर एलएसजी और डायरेक्टर सेकंडरी एजुकेशन। वैसे माइंस डिपार्टमेंट के मौजूद डायरेक्टर एम. पी. मीणा भी इसी 31 मार्च को रिटायर हो रहे हैं। वे डिपार्टमेंट के ही टेक्निकल ऑफिसर हैं। लेकिन बताया जा रहा है कि इस बार फिर से किसी आईएएस को ही यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इस लिस्ट में यह नाम शामिल हो सकता है। पाली के मौजूदा कलेक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री दो माह बाद मई में रिटायर हो रहे हैं। वहां अभी ही कोई नया कलेक्टर लगाया जा सकता है।

सच बेधड़क पहले ही बता चुका है कि 14 जिलों के कलेक्टर्स का कार्यकाल दो वर्ष से ज्यादा हो गया है। इन्हें बदला जाना लगभग तय है। लेकिन जोधपुर के गौरव अग्रवाल अपवाद हो सकते हैं। कई जिलों के कलेक्टर्स के खिलाफ शिकायतें हैं, जबकि कई की परफॉर्मेंस पुअर है और कई अपनी कार्यशैली के कारण विवादों में घिर गए हैं। इन सभी पॉइंट्स को ध्यान में रखते हुए यथासंभव जिलों में नए कलेक्टर्स मेरिट के आधार पर ही लगाए जाएंगे।

राजधानी जयपुर में नया कलेक्टर कौन होगा? यह जानने की ब्यूरोक्रेसी में सर्वाधिक उत्सुकता है। अरविंद पोसवाल, पुरुषोत्तम शर्मा, नकाते शिव प्रसाद मदन और सिद्धार्थ सिहाग के नाम चर्चा में हैं। खजान सिंह, हरफूल सिंह यादव और शैलजा पांडे एपीओ चल रहे हैं। इन्हें पोस्टिंग दी जाएगी। 2010 बैच की नेहा गिरी डेपुटेशन पर दिल्ली जा रही हैं। उनकी जगह लाइवलीहुड प्रोजेक्ट में कोई नया मिशन डायरेक्टर लगाया जाएगा। गुरुवार को जारी हुई ट्रांसफर लिस्ट में एक प्रशासनिक विसंगति रह गई है। 2006 बैच के रोहित गुप्ता अक्षय ऊर्जा निगम में नवंबर 2025 से एमडी के पद पर कार्यरत हैं। अब उन्हीं के 2006 बैच की आरती डोगरा को इसी निगम में चेयरमैन लगा दिया गया है। यह अव्यावहारिक और अनुचित है। रोहित के लिए यह परेशानी का कारण होगा। माना जा रहा है कि नई लिस्ट में इस मामले में संशोधन किया जाएगा। वैसे पुरानी लिस्ट में कुछ और बदलाव अथवा संशोधन की चर्चा है।

## बेधड़क FIRST

### क्या पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी का दावा रहेगा सटीक?

पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने एक बार फिर राजनीतिक हलचल बढ़ाते हुए पश्चिम बंगाल में कमल खिलने का दावा किया है। इससे पहले उन्होंने हरियाणा चुनाव के दौरान भी ऐसा ही दावा किया था, जहां वे चुनावी जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इस बार पार्टी हाईकमान ने उन्हें बंगाल में महत्वपूर्ण और कठिन सीटों की जिम्मेदारी सौंपी है।

### राजस्थान को मिली एक और महिला IAS अफसर

राजस्थान को एक और महिला IAS अधिकारी मिलने जा रही है। 2022 बैच की IAS अधिकारी प्रतिभा दहिया के इंटर कैडर ट्रांसफर के बाद अब वे राजस्थान कैडर में सेवाएं देंगी। वर्तमान में वे गुजरात के भावनगर जिले में सहायक कलेक्टर के रूप में कार्यरत हैं। हरियाणा के सोनीपत जिले की रहने वाली प्रतिभा दहिया का यह तबादला उनके IAS पति यक्ष चौधरी के राजस्थान कैडर में होने के साथ सुखद संयोग माना जा रहा है। यक्ष चौधरी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अमरोहा के निवासी हैं और 2022 बैच के राजस्थान कैडर के IAS अधिकारी हैं। वर्तमान में बाड़मेर के शिव में SDM पद पर कार्यरत हैं।

### मिडिल ईस्ट में युद्ध का असर दिग्गज नेताओं पर

मिडिल ईस्ट में लंबे समय से जारी युद्ध का असर अब उन दिग्गज नेताओं पर भी दिखाई देने लगा है, जिनके व्यापारिक हित दुबई जैसे क्षेत्रों में जुड़े हुए हैं। राजस्थान के कई नेताओं ने होटल और रियल एस्टेट सेक्टर में निवेश कर रखा है और उनका वहां नियमित आना-जाना भी बना रहता है। युद्ध के चलते बने अस्थिर हालात ने इन नेताओं की चिंता बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि कुछ नेताओं ने वर्षों पहले ही दुबई में अपना व्यवसाय स्थापित किया था, जबकि कुछ की सीधे निवेश के बजाय साझेदारी है। ऐसे में कई नेता और निवेशक जल्द से जल्द युद्ध समाप्त होने की कामना कर रहे हैं।

### अनुशासन और बीजेपी एक-दूसरे के पर्याय

भारतीय जनता पार्टी को अनुशासनप्रिय संगठन के रूप में जाना जाता है और यही विशेषता उसके विभिन्न विभागों में भी देखने को मिलती है। इसी कड़ी में बीजेपी मीडिया प्रकोष्ठ ने हाल ही में आयोजित अपनी बैठक में अनुशासन को सर्वोपरि रखते हुए अलग ही कार्यशैली अपनाई। बैठक को मीडिया से दूर रखा गया और प्रवक्ता व पैनलिस्ट को एक निश्चित दायरे में रखते हुए आंतरिक संवाद पर ही ध्यान केंद्रित किया गया। संगठन की ओर से यह प्रयास किया गया कि आंतरिक विषयों को बाहर सार्वजनिक न किया जाए और परिवार की बात परिवार में ही रहे की नीति का पालन हो। बैठक के बाद हालांकि प्रवक्ता और पैनलिस्ट सोशल मीडिया पर सक्रिय नजर आए। बताया जा रहा है कि प्रकोष्ठ में 60 से अधिक सदस्य शामिल हैं जिनमें कुछ नए सदस्य भी हैं जिन्हें अभी संगठन की कार्यप्रणाली और रीति-नीति को समझना बाकी है।

### क्या सरिस्का में टाइगर हुए लापता?

सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघिन ST-12 और ST-22 के पिछले एक माह से लापता होने की खबर से वन विभाग और संरक्षण व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। इन बाघिनों के पगमार्क तक नहीं मिलने से ट्रैकिंग प्रणाली पर संदेह बढ़ा है। बताया जा रहा है कि अनुभवी ट्रैकर्स को हटाने और नए कर्मियों की तैनाती के बाद मॉनिटरिंग में कमी आई है। लगातार बाघों के गायब होने से सरिस्का के संरक्षण तंत्र को लेकर चिंता गहराती जा रही है।


### 18 करोड़ का राजस्थान यूथ कांग्रेस संगठन चुनाव

राजस्थान यूथ कांग्रेस के संगठन चुनाव को लेकर इस बार करीब 24 लाख मेंबरशिप होने की संभावना जताई जा रही है। प्रति सदस्य 75 रुपए शुल्क के हिसाब से कुल राशि लगभग 18 करोड़ रुपए होगी, जो ऑनलाइन संगठन के खाते में जमा होगी। पिछली बार राजस्थान में लगभग 20 लाख मेंबरशिप हुई थी।

### क्रॉस वोटिंग पर बोले पूर्व सीएम

# राज्यसभा चुनाव नियमों में बदलाव जरूरी: गहलोत

**बेधड़क** | जयपुर



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हालिया राज्यसभा चुनावों में कांग्रेस विधायकों द्वारा क्रॉस वोटिंग पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने हरियाणा, ओडिशा और बिहार में हुई क्रॉस वोटिंग को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि राहुल गांधी व मल्लिकार्जुन खरगे लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। ऐसे समय में यह समझ से परे है कि वोट दिखाने के बावजूद विधायक क्रॉस वोटिंग की हिम्मत कर रहे हैं। इससे पार्टी की एकजुटता और विश्वसनीयता पर गहरा असर पड़ता है।

गहलोत ने राजस्थान के 2018 से 2023 के बीच हुए राज्यसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के मात्र 102 विधायक होने के बावजूद 126 विधायकों के वोट पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में पड़े। इनमें अतिरिक्त 24 वोट ऐसे थे, जिन्हें पार्टी पर्यवेक्षक नहीं देख सके। उन्होंने कहा कि बिना किसी लोभ-लालच के यह केवल हाईकमान के हम पर विश्वास और गुडविल से संभव हुआ। हमने पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई, जो आज के संदर्भ में प्रेरणा देती है। गहलोत ने राज्यसभा चुनाव में वोटिंग के नियम बदलने की सबसे बड़ी जरूरत बताई और कहा कि कांग्रेस को इसकी मांग करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि कोई विधायक पार्टी के खिलाफ क्रॉस वोटिंग करे तो उसकी सदस्यता तुरंत रद्द होनी चाहिए। केवल वोट दिखाकर मतदान की मौजूदा प्रक्रिया अब खरीद-फरोख्त रोकने के लिए नाकाफी साबित हो रही है।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल: sachbedhadakdaily@gmail.com**, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।